श्री आर० के० चौधरी : एक ही बार रक़म देने का उद्देश्य क्या था ? क्या यह प्रति वर्ष नहीं दी जा सकती थी जिस से कि अन्य कार्यों के लिये धन बच रहता ?

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य को तर्क करने की आवश्यकता नहीं है । वह केवल अपना प्रश्न पूछें ।

श्री आर० के० चौधरी : किसी व्यक्ति के जीवन काल का मोटे आधार पर हिसाब लगा कर एक मुश्त रक़म के देने का क्या उद्देश्य था ? ऐसा करने का उद्देश्य क्या था ?

श्री सी० डी० देशमुख : अपने देय के सम्बन्ध में दृढ़ व्यवस्था करना ।

पंडित एम० बी० भार्गव : प्रति वर्ष कितने पौण्ड पावने को राष्ट्र निर्माण सम्बन्धी कार्यों तथा भारी मशीनों के आयात के लिये काम में लाया जाता है ?

श्री सी० डी० देशमुख : इस प्रश्न का उत्तर देना संभव नहीं है।

श्री ए० सी० गुहा : एक मुश्त रक़म दे देने के पश्चात् क्या सरकार व्यक्तियों को निवृत्ति-वेतन देने के अग्रेतर उत्तरदायित्व से मुक्त हो जाती है ?

श्री सी० डी० देशमुख : ऐसी व्यवस्था के अन्तर्गत, अर्थात् रक़म के दिये जाने के पश्चात्, हमें ब्रिटिश सरकार से वार्षिकी मिलती है जो कि निवृत्ति-वेतन के भुगतान के लिये हमारे वार्षिक देय के बराबर ही होती है : अतः यह एक बिल्कुल वित्तीय व्यवस्था है ।

श्री ए० सी० गुहा : मेरा कहना यह है कि क्या . . .

अध्यक्ष महोदय : शान्ति, शान्ति । अगला प्रश्न ।

बुनियादी तथा सामाजिक शिक्षा

*२७६. **श्री ऐस० सी० सामन्त :** क्या शिक्षा मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे :

(क) सन् १९४९-५०, १९५०-५१ तथा १९५१–५२ में से प्रत्येक में बुनियादी तथा सामाजिक शिक्षा के विकास के लिये कितनी रक़मों की आयव्ययकों में व्यवस्था की गई ;

(ख) इन वर्षों में, वास्तव में, कितनी राशि व्यय की गई ;

(ग) वित्तीय संकट के कारण क्या बाद में आयव्ययक सम्बन्धी मांगों में कटौती कर दी गई थी ;

(घ) सन् १९५२–५३ के लिये कितनी राशि नियत की गई है ; तथा

(ङ) सब बातों को ध्यान में रखते हुये अब तक बुनियादी तथा सामाजिक शिक्षा के सम्बन्ध में कितनी उन्नति हुई है ?

संचरण मंत्री (श्री जगजीवन राम): (क), (ख) तथा (ङ)। एक विवरण सदन पटल पर रखा जाता है। [**देखिये परिशिष्ट २, अनुबन्ध संख्या ९**]

(ग) जी हां।

(घ) पंचवर्षीय शिक्षा योजना के अन्तर्गत सन् १९५२–५३ के आयव्ययक में प्रारम्भिक रूप से बुनियादी तथा सामाजिक शिक्षा के लिये १ करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

श्री ऐस० सी० सामन्त : क्या मैं माननीय मंत्री से जान सकता हूं कि जो हिस्सा सन् १९५२-५३ के लिये मुक़र्रर कर दिया गया था क्या वह प्लानिंग कमीशन (योजना आयोग) के मुताबिक़ है।

श्री जगजीवन राम : क़रीब क़रीब उस के मुताबिक़ है, लेकिन और भी अधिक की आवश्यकता होगी तो आशा की जाती है कि उस का प्रबन्ध हो जायगा।

श्री ऐस० सी० सामन्त : क्या मैं माननीय मंत्री से जान सकता हूं कि कुल कितने एजकेशनल मेले खोले गये और स्टेट गवर्नमेंट या इंडियन गवर्नमेंट, किन किन गवर्नमेंटों से खोले गये ?

श्री जगजीवन राम : इस के लिये तो सूचना नोटिस आने पर एकत्रित की जा सकती है।

श्री ऐस० सी० सामन्त : क्या मैं जान सकता हूं कि अलीपुर में जो जनता कालेज खोला गया है और उस में जो ग्राम वासियों को शिक्षा दी जाती है, उस का क्या करीक्युलम (पाठ्यक्रम) है ?

अध्यक्ष महोदय : मेरे विचार से यह केन्द्रीय सरकार के अधिकार से बाहर की बात होगी।

श्रीमती खोंगमन : बुनियादी शिक्षा में अब तक कितने शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है ?

श्री जगजीवन राम : मैं पूर्वसूचना चाहता हूं।

श्रीमती खोंगमन : बुनियादी शिक्षा में प्रशिक्षण देने के लिये कितने केन्द्र हैं ?

अध्यक्ष महोदय : कदाचित्, इन समस्त प्रश्नों के लिये पूर्वसूचना की आवश्यकता होगी।

भूतपूर्व सैनिकों का प्रशिक्षण

*२७७. **श्री एस० सी० सामन्त** : क्या रक्षा मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे :

(क) सन् १९५०-५१ तथा १९५१-५२ में कितने भूतपूर्व सैनिकों ने प्रविधिक तथा औद्योगिक धन्धों का प्रशिक्षण प्राप्त किया ;

(ख) उन में से कितने भूतपूर्व भारतीय रियासतों की सेनाओं के सैनिक थे ; तथा

(ग) प्रशिक्षित भूतपूर्व सैनिकों ने जो व्यवसाय अपनाया क्या उस को चलाने के लिये उन्हें सरकार से कोई सहायता अथवा ऋण मिला ?

रक्षा मंत्री (श्री गोपालस्वामी) : (क) सन् १९५१-५२ वर्ष में ३६६ भूतपूर्व सैनिकों ने व्यावसायिक, प्रविधिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। सन् १९५०-५१ के सम्बन्ध में आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

(ख) उपरोक्त संख्या में से ३३९ भूतपूर्व सैनिक भूतपूर्व भारतीय रियासतों की सेनाओं

के सैनिक थे—हैदराबाद के (१३५), पैप्सू के (१४०) तथा राजस्थान के (६४)।

(ग) उन्हें उचित काम-धन्धों में लगाने के लिये, राज्य सरकार युद्धोत्तर पुनर्निर्माण कोष अथवा केन्द्रीय सरकार द्वारा दिये गये अन्य अनुदानों में से व्यक्तिगतरूप से अथवा सहकारिता के आधार पर ऋण दिये जाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। सेवा-योजनालय भी इन व्यक्तियों को नौकरी प्राप्त करने में सहायता देते हैं।

श्री ऐस० सी० सामन्त: मैं ज्ञात कर सकता हूं कि क्या इन भूतपूर्व सैनिकों को रक्षा विभाग अथवा श्रम मंत्रालय की संस्थाओं में प्रशिक्षित किया गया ?

श्री गोपालस्वामी: श्रम मंत्रालय द्वारा चलाई जाने वाली संस्थाओं में प्रशिक्षण दिया जाता है।

श्री ऐस० सी० सामन्त: सन् १९५०-५१ में कितने भूतपूर्व सैनिकों को प्रशिक्षण दिया गया ?

श्री गोपालस्वामी: दुर्भाग्यवश, यही एक ऐसा वर्ष है जिस में भूतपूर्व सैनिकों को असैनिकों के साथ भर्ती किया गया था। उस वर्ष विशेष के सम्बन्ध में पृथक् आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

श्री गुरुपादस्वामी: मैसूर से आने वाले कितने भतपूर्व सैनिकों को सरकार ने प्रशिक्षण की सुविधाओं से वंचित रखा ?

श्री गोपालस्वामी: मुझे भय है कि मैं इस प्रश्न का उत्तर देने की स्थिति में नहीं हूं।

श्री हुक्म सिंह: भाग (क) में के राज्यों से अधिक व्यक्ति प्रशिक्षण के लिये नहीं आये क्या इस का कोई विशेष कारण है ?

श्री गोपालस्वामी: इस सम्बन्ध में मैं कोई सूचना देने की स्थिति में नहीं हूं। कदाचित् बहुत सी अन्य संस्थायें भी हैं यहां वह प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

श्री सिंहासन सिंह: यदि कोई भूतपूर्व सैनिक किसी पेशे को अपना ले और उसे चलाना चाहे अथवा वह सहकारिता के आधार पर फ़ार्म खोलना चाहें तो सरकार उस की अथवा उन की किस सीमा तक सहायता करने का विचार रखती है ?

श्री गोपालस्वामी: मैं पूर्व सूचना चाहूंगा।

डा० पी० ऐस० देशमुख: अब तक कितने फ़ी सदी भतपूर्व सैनिकों को प्रशिक्षित किया गया है ?

श्री गोपालस्वामी: यह बतलाना कठिन है क्योंकि इस समय मेरे पास भूतपूर्व सैनिकों की कुल संख्या नहीं है।

सेठ अचल सिंह: क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि ऐक्स सर्विसमैन (भूतपूर्व सैनिक) को क़र्जा (ऋण) या मदद दी गई ?

श्री गोपालस्वामी: जब भूतपूर्व सैनिकों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है तो उन को सहायता दी जाती है। प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को २५ रुपये प्रति मास की छात्रवृत्ति दी जाती है तथा यदि उपलब्ध हो तो साथ ही रहने को मुफ्त में निवास स्थान तथा डाक्टरी सहायता भी दी जाती है।

तम्बाकू पर उत्पादन कर

*२७८. **श्री ऐस० सी० सामन्त**: क्या वित्त मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे:

(क) सन् १९४७ से सन् १९५१ तक (वर्ष प्रति वर्ष) बीड़ी बनाने के काम में लाये जाने वाले तम्बाकू से कितनी रक़म उत्पादन-कर के रूप में प्राप्त हुई; तथा

(ख) इन वर्षों में अनुज्ञा शुल्क से कितनी राशि प्राप्त हुई ?

वित्त राज्य-मंत्री (श्री त्यागी): सन् १९४७-४८ से १९५१-५२ तक (अप्रैल से मार्च तक) के वित्तीय वर्षों में बीड़ी बनाने के काम में लाये जाने वाले तम्बाकू से जो राशि उत्पादन कर के रूप में प्राप्त हुई वह इस प्रकार है:

वर्ष	कर की राशि
	रुपये
१९४७-४८	४,४०,०५,०००
१९४८-४९	७,०१,२५,०००
१९४९-५०	६,७४,६४,०००
१९५०-५१	७,७७,५९,०००
१९५१-५२	९,७६,५४,०००

यह सूचना पत्री वर्षों के अनुसार उपलब्ध नहीं है।

(ख) बीड़ी बनाने वालों के लिये किसी लाइसेंस का लेना आवश्यक नहीं है, परन्तु तम्बाकू के सब थोक व्यापारियों को चाहे वह बीड़ी बनाते हों अथवा नहीं, अनुज्ञापत्र लेना होता है और इस प्रकार अनुज्ञाशुल्क के रूप में इन व्यापारियों से वर्ष १९४७ से वर्ष १९५१ तक के पत्री वर्षों में प्राप्त की गई राशि इस प्रकार है:

	अनुज्ञाशुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि
	रुपये
१९४७	२३,१२,०००
१९४८	१२,८६,०००
१९४९	१२,७०,०००
१९५०	१३,३५,०००
१९५१	१३,७६,०००

श्री ऐस० सी० सामन्त: मैं ज्ञात कर सकता हूं कि क्या वर्ष १९५१-५२ में उत्पादन-कर में परिवर्तन होने के कारण काफ़ी गड़बड़ी हो गई है ?

श्री त्यागी: जी नहीं, श्रीमान्।

श्री ऐस० सी० सामन्त: क्या माननीय मं ी को उत्पादन-कर लगाये जाने के सम्बन्ध में बीड़ी बनाने वाली छोटी छोटी फ़ैक्टरियों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ?

श्री त्यागी: प्रति महीने किसी न किसी कारण अभ्यावेदन प्राप्त होते ही रहते हैं। पहले यह मांग की गई थी कि हम तम्बाकू की पत्ती पर समदर पर कर लगायें। इस का छोटे बीड़ी बनाने वालों ने विरोध किया तथा संसद् के सदस्यों ने भी। बाद में फिर मांग की गई कि समदर पर ही कर लगाया जाये। इस प्रकार अभ्यावेदन तो आते ही रहते हैं किन्तु यदि मेरे माननीय मित्र किसी विशेष अभ्यावेदन के सम्बन्ध में जानने के लिये आतुर हैं तो हो सकता है कि उस विशेष अभ्यावेदन की जांच कर के उन्हें सूचना दूं।

श्री सिंहासन सिंह: कितनी एकड़ भूमि पर तम्बाकू की खेती की जाती है ?

श्री त्यागी: मुझे खेद है कि मेरे पास भूमि सम्बन्धी आंकड़े नहीं है। मैं अपने माननीय मित्र को बतला सकता हूं कि कितना तम्बाकू उत्पन्न किया गया क्योंकि मेरा सम्बन्ध उत्पन्न की गई वस्तु से रहता है; भमि सम्बन्धी कार्य तो राज्य सरकारें करती हैं।

श्री आर० के० चौधरी: मैं ज्ञात करना चाहता हूं कि क्या बीड़ी पर कर बढ़ा देने के कारण राजस्व में कोई वृद्धि हुई है तथा क्या सिगरेटों की बजाय बीड़ियों की खपत बढ़ गई है ?

श्री त्यागी : यह पता लगाना कि बीड़ियों की मांग बढ़ गई है अथवा सिगरेटों की मांग बढ़ गई है बहुत कठिन है किन्तु एक बात अवश्य ही हुई है कि गत वित्तीय वर्ष में राजस्व में वृद्धि हो गई है ।

श्री ऐम० ऐम० गांधी : क्या यह बात सच है कि जो आदिवासी प्रदेश हैं उन में तम्बाकू के ऊपर एक्साइज ड्यूटी (उत्पादन-शुल्क) कम ली जाती है ?

श्री त्यागी : किसी जगह भी कम ज्यादा नहीं है । लेकिन जिस जगह के लोग हुक्का ज्यादा पीते हैं वहां पर लोगों के इस्तेमाल करने के वास्ते कुछ तम्बाकू छोड़ दी जाती है जिस पर ड्यूटी नहीं लगाई जाती । आदिवासी देशों में शायद ज्यादा छोड़ी जाती होगी, क्योंकि वहां के लोग ज्यादा हुक्का पीते हैं ।

श्री आर० बी० परमार : : चिलम में पीने की तम्बाकू पर जो ड्यूटी (शुल्क) ली जाती है वह क्या राजस्थान और मध्य-भारत में सिर्फ़ छः आने फ़ी पौंड है जबकि पंचमहाल में १४ आने फ़ी पौंड है ; इ/ का सुधार सरकार करेगी ?

श्री त्यागी : तम्बाकू के ऊपर जो ड्यूटी ली गई है पहले तो वह ऐसे थी कि किस चीज़ में तम्बाकू इस्तेमाल होगी इस हिसाब से ड्यूटी लगाई जाती थी, इंटेनशन (आशय) पर लगती थी कि क्या उन की नियत है, बीड़ी में इस्तेमाल करेंगे या हुक्के में । लेकिन पिछले फ़ायनेन्स बिल (वित्त विधेयक) के अन्दर यह तय हो गया था कि ख्वाहिश पर कि कहां इस्तेमाल करेंगे, इस पर ड्यूटी नहीं लगाई जायगी बल्कि तम्बाकू की हैसियत को देखा जायगा । अगर तम्बाकू बीड़ी में इस्तेमाल करने लायक़ है तो उस पर ज्यादा ड्यूटी लगेगी और हुक्के में इस्तेमाल करने वाली है तो उस पर कम डूयूटी लगेगी ।

नाथ बैंक लिमिटेड

*२७९. **श्री ए० सी० गुहा** : क्या **वित्त** मंत्री ३ मार्च, १९५२ को मेरे द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या २९६ के भाग (च) के सम्बन्ध में दिये गये उत्तर का निर्देश करके यह बतलायेंगे कि नाथ बैंक लिमिटेड के समापन-अधिकारियों ने जो ३० लाख रुपये की राशि जमा की है उस में से कितनी समझौता करके अर्थात् जमा की गई राशि में से उधार दी गई राशि को निकाल कर के प्राप्त हुई है ?

वित्त मंत्री (श्री सी० डी० देशमुख) : समापन-अधिकारी उच्च न्यायालय के निदेशों के अनुसार काम करते हैं तथा सरकार इस सम्बन्ध में सूचना देने की स्थिति में नहीं है ।

श्री ए० सी० गुहा : क्या रिज़र्व बैंक के लिये यह सूचना देना सम्भव नहीं है ?

अध्यक्ष महोदय : शान्ति, शान्ति । वह अब तर्क कर रहे हैं ।

त्रावनकोर-कोचीन के लिये रचनात्मक योजनायें

*२८०. **कुमारी आनी मस्करीन** : क्या **वित्त** मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या भारत सरकार ने त्रावनकोर-कोचीन राज्य के लिये किसी रचनात्मक योजना पर या अन्यथा कोई धन राशि व्यय की है ?

वित्त मंत्री (श्री सी० डी० देशमुख) : वर्ष १९४८-४९ से वर्ष १९५१-५२ तक के सम्बन्ध में जो कुछ भी सूचना उपलब्ध है उस का एक विवरण सदन पटल पर रखा जाता है । [**देखिये परिशिष्ट २, अनुबन्ध संख्या १०**]

कुमारी आनी मस्करीन : मैं ज्ञात कर सकती हूं कि क्या राज्य ने न अनुदानों में कोई अंशदान दिया है ?

श्री सी० डी० देशमुख: अधिकतर जी० ऐम० ऐफ़० अनुदानों में राज्य सरकारें अपना स्वयं का अंशदान देती हैं।

कुमारी आनी मस्करीन : क्या सरकार ने इस सम्बन्ध में कोई पूछताछ की है कि वहां कार्य के सम्बन्ध में कितनी प्रगति हुई है ?

श्री सी० डी० देशमुख : जी नहीं । सरकार कोई पूछताछ नहीं करती है, किन्तु इस बात के सम्बन्ध में मुझे कोई सन्देह नहीं है कि योजना आयोग उन विभिन्न योजनाओं की कार्यान्विति पर दृष्टि रखती है जिन के लिये राज्य सरकारों को केन्द्र से सहायता दी जाती है।

बाज़ार में मन्दी

*२८१. **पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय** : क्या वित्त मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे :

(क) बाज़ार में मन्दी आने के क्या कारण हैं;

(ख) किन किन वस्तुओं पर सब से अधिक प्रभाव पड़ा है;

(ग) देश के समूचे आर्थिक ढांचे पर मन्दी का क्या प्रभाव पड़ा है;

(घ) मन्दी के बढ़ जाने की रोकथाम के लिये क्या उपाय किये गये हैं; तथा

(ङ) क्या फिर से मन्दी होने की कोई सम्भावना है ?

वित्त मंत्री (श्री सी० डी० देशमुख) : (क), (ग) तथा (घ) । माननीय सदस्य का ध्यान २३ मई, १९५२ को दिये गये मेरे आयव्ययक भाषण की ओर दिलाया जाता है।

(ख) उपलब्ध सूचना से ऐसा प्रतीत होता है कि काली मिर्च, चाय, गुड़, वनस्पति, तेल तथा तिलहन, कपास, कच्चा ऊन, कच्चा पटसन तथा पटसन की वस्तुओं पर मूल्यों में हुये हाल के उतार चढ़ाव का विशेष प्रभाव पड़ा ।

(ङ) सरकार द्वारा निर्यात तथा नियंत्रण के ढ़ीला कर दिये जाने से वस्तुओं की मांग के फिर से बढ़ जाने की सम्भावना है । फिर भी, भविष्य के सम्बन्ध में कुछ कहना कठिन है क्योंकि बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि विदेशों में मूल्य क्या रहते हैं।

पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय : क्या माननीय मंत्री सदन को यह बतलाने की स्थिति में हैं कि विशेषतः इन्हीं वस्तुओं पर अधिक प्रभाव क्यों पड़ा ?

श्री सी० डी० देशमुख: सामान्य उत्तर देना कठिन है । कुछ निर्यात की वस्तुएं हैं जबकि कुछ को देश में उत्पन्न कर के देश ही में काम में लाया जाता है । मेरे विचार से इस का सामान्य उत्तर यह होगा कि मांग और पूर्ति के सम्बन्ध में कुछ परिवर्तन हुआ होगा ।

पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय : म ज्ञात कर सकता हूं कि क्या मन्दी का देश के कुछ वर्गों ने स्वागत किया है ?

श्री सी० डी० देशमुख : मैं इस प्रश्न का उत्तर देने की स्थिति में नहीं हूं।

श्री पुन्नूस: मैं ज्ञात कर सकता हूं कि क्या मन्दी भारत सरकार द्वारा की गई क्रियाकारी कार्यवाही के कारण हुई है ?

श्री सी० डी० देशमुख : : अपने भाषण में मैं ने इस बात को स्पष्ट कर दिया था कि जिस को मन्दी कहा जाता है वह अन्तर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय दोनों ही बातों के कारण आई है । अतः सरकार द्वारा की गई कार्यवाही पर इस का केवल कुछ ही उत्तरदायित्व है ।

श्री झुनझुनवाला: क्या फुटकर मूल्यों म भी कोई कमी हुई थी और हुई थी तो किस सीमा तक ?

श्री सी० डी० देशमुख : श्रीमान्, मेरे विचार से वर्तमान उपलब्ध तथ्यों को देखते हुये कोई निश्चित उत्तर देना सम्भव नहीं है। आशा की जाती है कि कुछ समय पश्चात् इस मन्दी का असर फुटकर मूल्यों पर भी पड़ेगा।

डा० जयसूर्य: प्रश्न के भाग (क) के उत्तर के सम्बन्ध में —मन्दी का क्या यह भी एक कारण हो सकता है कि पश्चिमी देशों में सामान जमा कर रखने की अन्तिम सीमा पहुंच गई है।

श्री सी० डी० देशमुख: श्रीमान्, अपने भाषण में मैं ने अन्तर्राष्ट्रीय बातों का उल्लेख किया था तथा मैं उन्हें यहां भी बतलाये देता हूं। उन में से एक कारण संयुक्त राज्य अमरीका द्वारा सामान को संग्रह करने के कार्यक्रम में परिवर्तन का किया जाना है। पुनःशस्त्रीकरण कार्यक्रम को अधिक समय के लिये बढ़ाना, दुर्लभ कच्चे सामान के नियतन में अन्तर्राष्ट्रीय सामान सम्मेलन को मिली सफलता तथा संसार में बहुत सी ऐसी वस्तुओं की मात्रा का बढ़ जाना जो पहले कम मात्रा में उपलब्ध थीं ; अन्य कारण हैं।

श्री पी० टी० चाको: मैं ज्ञात कर सकता हूं कि क्या सरकार ने बागानों वाली फ़स्लों के मूल्यों में तेज़ी से आने वाली मन्दी को रोकने के लिये कोई कार्यवाही की है ?

श्री सी० डी० देशमुख : जहां तक चाय का सम्बन्ध है—मेरे विचार से यह भी एक बागान फ़स्ल है—हम चाय उद्योग की आर्थिक अवस्था के सम्बन्ध में जांच करने के लिये एक टोली भेज रहे हैं। मैं किसी दूसरी ऐसी बागान फ़स्ल को नहीं जानता जिस के सम्बन्ध में किसी विशेष जांच करने की आवश्यकता हो।

चौ० रणबीर सिंह: मैं ज्ञात कर सकता हूं कि गुड़, पटसन तथा कपास में मन्दी आने के क्या कारण हैं ?

श्री सी० डी० देशमुख: जैसा कि मैं पहले ही कह चुका हूं दोनों ही मांग और पूर्ति पर निर्भर करती हैं।

श्री ऐम० वी० रामस्वामी: क्या फुटकर मूल्य कुछ कम हुए हैं ?

अध्यक्ष महोदय: यह प्रश्न पूछा जा चुका है तथा इस का उत्तर भी दिया जा चुका है—इस रूप में नहीं बल्कि और रूप में।

श्री मुनीश्वर दत्त उपाध्याय: मैं ज्ञात कर सकता हूं कि सरकार मूल्य घटाने के सम्बन्ध में, जैसा कि मेरा विचार है कि वह घटाना चाहती है, क्या कार्यवाही कर का विचार रखती है ?

श्री सी० डी० देशमुख: इस प्रश्न से मिश्रित दृष्टिकोणों का भास होता है। मुझ से मन्दी के कारण बतलाने के लिये कहा गया और अब यह पूछा जा रहा है कि मूल्यों में और अधिक कमी कराने के सम्बन्ध में सरकार क्या करने जा रही है ?

अध्यक्ष महोदय: अब मैं अगला प्रश्न ले रहा हूं।

एक माननीय सदस्य: मैं ने कई बार आप का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करने का प्रयत्न किया।

अध्यक्ष महोदय : किन्तु प्रत्येक सदस्य को सफलता मिल ही जायेगी इसकी कोई प्रत्याभूति नहीं दी गई है। जब तक सफलता न मिले तब तक वह प्रयत्न कर सकते हैं।

मतदान की प्रतिशतता

***२८२. डा० पी० ऐस० देशमुख : क्या विधि** मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि हाल ही में हुए निर्वाचनों में राज्यवार ऐसे मतदाताओं की प्रतिशतता क्या है जिन्होंने राज्य विधान सभाओं के निर्वाचनों तथा लोक सभा के निर्वाचन में मतदान दिये ?

गृहकार्य तथा राज्य मंत्री (डा० काटजू) : निर्वाचन आयोग के पास जितने आंकड़े उपलब्ध हैं उन के आधार पर हाल ही में हुए निर्वाचनों में राज्यवार ऐसे मतदाताओं की, जिन्होंने राज्य विधान सभाओं के निर्वाचनों तथा लोग सभा के निर्वाचन में मतदान दिये, प्रतिशतता सम्बन्धी एक विवरण सदन पटल पर रखा जाता है। **[देखिये परिशिष्ट २, अनुबन्ध संख्या ११]**

डा० पी० ऐस० देशमुख : क्या उन राज्यों में मतदान की प्रतिशतता में कमी होने के कारण ज्ञात करने का कोई प्रयत्न किया गया है ?

डा० काटजू : मेरे विचार से इस का यही कारण हो सकता है कि मतदाता मतदान के स्थान पर जा कर मतदान करने का कष्ट उठाना नहीं चाहता ।

सैनिक डेरी फार्म

***२८३. कर्नल जैदी :** क्या रक्षा मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे :

(क) क्या सन् १९५० में इस प्रकार का कोई प्रस्ताव रखा गया था कि समस्त सैनिक डेरी फ़ार्मों को कृषि मंत्रालय के सुपुर्द कर दिया जाये ;

(ख) क्या इस प्रस्ताव पर विचार करने के लिय कोई समिति नियुक्त की गई थी ; तथा

(ग) यदि नियुक्त की गई थी, तो समिति द्वारा की गई सिफ़ारिशें क्या हैं तथा क्या इन सिफ़ारिशों को कार्यान्वित किया गया है ?

रक्षा मंत्री (श्री गोपालस्वामी) : (क) से (ग) । अनुमानतः माननीय सदस्य सन् १९४७ में कृषि मंत्रालय द्वारा रखे गये उस सुझाव का निर्देश कर रहे हैं जिसमें सैनिक डेरी फ़ार्मों को उस के सुपुर्द कर दिये जाने की बात रखी गई थी । दोनों मंत्रालयों के बीच चर्चा होने के पश्चात् क्वाटर-मास्टर जनरल के सभापतित्व में एक समिति, सैनिक डेरी फ़ार्मों के सामान्य कार्यसंचालन, उन में पशुओं की नस्ल बढ़ाने तथा पशुओं में सुधार करने के सामान्य प्रश्नों पर विचार करने के लिये नियुक्त की गई । समिति के निर्देश-पदों में यह प्रश्न सम्मिलित नहीं था कि सैनिक डेरी फ़ार्मों को कृषि मंत्रालय के सुपुर्द कर दिया जाये । समिति की मुख्य सिफ़ारिशें इस प्रकार थीं —

(१) प्रविधिक योग्यता प्राप्त तथा अनुभवी चारा विशेषज्ञ की नियुक्ति ।

(२) चारे के सम्बन्ध में शीघ्र से शीघ्र आत्मनिर्भर होना ।

(३) विभिन्न सैनिक डेरी फ़ार्मों के पास जो भूमि है उस का अधिक से अधिक उत्पादन करने में प्रयोग करना तथा विभिन्न फ़ार्मों की और अधिक भूमि में सिंचाई करना ।

(४) सैनिक डेरी फ़ार्मों में वर्तमान अधूरी इमारतों को पूरा कराना ।

(५) नस्ल बढ़ाने की नीति के सम्बन्ध में—दोग़ली नस्ल को धीरे धीरे ख़त्म करना तथा देशी नस्लों के विकास की ओर अधिक ध्यान देना ।

(६) कृत्रिम गर्भाधान प्रणाली को अपनाना ।

(७) सुयोग्य कर्मचारियों को भर्ती करना ।

(८) समस्त सेना की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये दूध के सम्बन्ध में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना ।

उपरोक्त संख्या (१) को छोड़ कर, इन सिफ़ारिशों को कार्यान्वित करने के सम्बन्ध में कार्यवाही की जा चुकी है या की जा रही है ।

कर्नल जैदी : क्या यह सत्य है कि इन डेरी फ़ार्मों के प्रबन्ध के सम्बन्ध में भ्रष्टाचार की अनेक शिक़ायतें की गई हैं ? क्या गत दो वर्षों में ऐसे अनेक व्यक्ति निकाले गये हैं तथा ऐसे कितने निरीक्षकों के विरुद्ध अब भी मामले चल रहे हैं ?

श्री गोपालस्वामी : मैं पूर्वसूचना चाहूंगा ।

कर्नल जैदी : यह निरीक्षक जिस प्रकार के आयव्ययकों का निरीक्षण करते हैं क्या मैं उन के बारे में कुछ ज्ञात कर सकता हूं ? क्या आयव्ययक १० से १५ लाख रुपयों तक के होते हैं, और यदि होते हैं तो क्या इन अधिकारियों पर जो उत्तरदायित्व डाला जाता है वह उन के वेतन के सममात्रिक होता है ?

श्री गोपालस्वामी : श्रीमान्, मुझे भय है कि मुझे इस प्रश्न के लिये भी पूर्वसूचना की आवश्यकता होगी ।

कर्नल जैदी : मैं ज्ञात कर सकता हूं कि क्या इन डेरी फ़ार्मों के लिये प्रशिक्षित व्यक्ति नियुक्त किये जाते हैं ? मेरा मतलब है कि क्या वह कृषि विषय के स्नातक होते हैं या ऐसे व्यक्ति होते हैं जिन्हें डेरी फ़ार्म चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त होता है अथवा वह केवल साधारण अधिकारी होते हैं जिन्हें पदोन्नति करके उन स्थानों पर बैठा दिया जाता तथा उन्हें किसी प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं होता है ?

श्री गोपालस्वामी : इस का उत्तर देने के लिये वर्तमान कर्मचारियों का विश्लेषण करने की आवश्यकता होगी । मैं ऐसा करूंगा और यदि फिर से प्रश्न पूछा गया तो उस का उत्तर दूंगा ।

सुवर्ण प्रस्तर

*२८४. **डा० नटवर पांडे : क्या प्राकृतिक संसाधन तथा वैज्ञानिक अनुसन्धान** मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे :

(क) हीराकुड बांध के ठीक ऊपर महानदी की सूखी तह में क्या हाल ही में सुवर्ण प्रस्तर का पता लगा है ; तथा

(ख) यदि लगा है, तो क्या धातु का ठीक से विश्लेषण किया गया है ?

संचरण मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) तथा (ख) । जी नहीं, श्रीमान् । भारत के भूतत्वीय परिमाप संचालक का कहना है कि कुछ लोगों ने उस क्षेत्र की चट्टानों में पाई गई सलफ़ाइड धातु के छोटी छोटी पत्तरों को सोना समझ लिया था । कलकत्ता स्थित भारत की भूतत्वीय परिमाप प्रयोगशाला में नमूने के टुकड़ों का परीक्षण किया गया था किन्तु उन में कोई सोना नहीं पाया गया ।

डा० नटवर पांडे : क्या माननीय मंत्री रिपोर्ट की एक प्रति सदन पटल पर रखने की कृपा करेंगे ?

श्री जगजीवन राम : मुझे ज्ञात नहीं कि कोई रिपोर्ट है भी या नहीं किन्तु यह पाया गया था कि उस में कोई सोना नहीं था ।

श्री आर० के० चौधरी : मैं ज्ञात कर सकता हूं कि क्या दिल्ली के आस पास कहीं सुवर्ण प्रस्तर मिला है ?

अध्यक्ष महोदय : शान्ति शान्ति ।

श्री मेघनाद साहा: खोज करने आवश्यकता है ।

अध्यक्ष महोदय: वह कार्यवाही करने के लिये सुझाव दे रहे हैं ।

अगला प्रश्न ।

महानदी का भूतत्वीय परिमापन

*२८५. **डा० नटवर पांडे**: क्या **प्राकृतिक संसाधन तथा वैज्ञानिक अनुसंधान** मंत्री यह बतलान की कृपा करेंगे:

(क) हीराकुड बांध की चोटी के ठीक ऊपर क्या महानदी की तह का भूतत्वीय परिमापन किया गया है ; तथा

(ख) यदि किया गया है, तो क्या सरकार का विचार परिमापन की रिपोर्ट की एक प्रति सदन पटल पर रखने का है ?

संचरण मंत्री (श्री जगजीवन राम): (क) तथा (ख)। भारतीय भूतत्वीय परिमाप अधिकारी इस समय हीराकुड बांध के आसपास वाले क्षेत्र के सम्बन्ध में विस्तृत नक्शे तैयार करने में लगे हुये हैं । कार्य समाप्त करने में कई महीने लगेंगे तथा आशा की जाती है कि कुछ महीनों में अन्तरिम रिपोर्ट प्राप्त हो जायेगी । यह रिपोर्ट सदन पटल पर रखी जायेगी। अन्तिम रिपोर्ट के प्राप्त होने पर उसे सदन के पुस्तकालय में रख दिया जायेगा ।

श्री मेघनाद साहा: क्या माननीय मंत्री को यह ज्ञात है कि उड़ीसा के भूतत्वीय परिमाप वाले नक्शे में एक बहुत बड़ा भाग खाली छोड़ दिया गया है जिस का अर्थ यह होता है कि वहां पर कभी भी परिमापन कार्य नहीं किया गया है न ही भूतत्वीय परिमाप का कोई अधिकारी वहां गया है ? अतः इस प्रदेश का पूर्णरूप से परिमापन करने के लिये क्या सरकार अधिक भूतत्वीय अधिकारियों को काम पर लगाने की बांछनीयता पर विचार करेगी ?

श्री जगजीवन राम: सुझाव पर विचार किया जायेगा ।

हिन्दुस्तानी आशु-लिपि तथा टाइपराईटिंग

*२८६. **प्रो० अग्रवाल**: क्या **शिक्षा** मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि हिन्दुस्तानी आशु-लिपि तथा टाइपराइटिंग के सम्बन्ध में संविधान सभा की समिति की रिपोर्ट पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

संचरण मंत्री (श्री जगजीवन राम): जन साधारण की आलोचना तथा सुझाव ज्ञात करने के लिये रिपोर्ट को प्रकाशित कर दिया गया है । समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट में निर्दिष्ट हिन्दी आशु-लिपि की चार प्रणालियों तथा उस के द्वारा हिन्दी के टाइप राइटरों के लिये बनाये गये प्रमाप की बोर्डों को, समिति की सिफ़ारिशों के अनुसार राज्य द्वारा मान्यता प्रदान किये जाने के प्रश्न पर विचार किया जा चुका है तथा शीघ्र ही इन के सम्बन्ध में कोई निश्चय किया जायेगा ।

जो राज्य सरकारें अंग्रेज़ी आशु-लिपि में निपुणता परीक्षायें लेती हैं उन से कहा गया है कि वह साथ ही साथ हिन्दी आशु-लिपि में भी निपुणता परीक्षायें लें ।

वाणिज्य तथा व्यापार प्रशासन के प्रविधिक अध्ययन सम्बन्धी अखिल भारतीय-पर्षद् की एक समिति से, आशु-लिपि की उन प्रणालियों को छोड़ कर जिन पर संविधान सभा की समिति पहले ही विचार कर चुकी है, अन्य प्रणालियों की उपयोगिता ज्ञात करने के लिये कहा गया है । यह समिति राष्ट्र भाषा तथा अन्य विभिन्न प्रादेशिक भाषाओं के लिये आशु-लिपि की सामान्य प्रणाली निकालने के प्रश्न पर भी विचार करेगी ।

प्रो० अग्रवाल : मैं ज्ञात कर सकता हूं कि सरकार द्वारा प्रमाणित हिन्दी की बोर्ड के सम्बन्ध में कब तक निश्चय किये जाने की सम्भावना है ?

श्री जगजीवन राम : श्रीमान्, मुझे आशा है कि निश्चय बहुत शीघ्र ही किया जाने वाला है ।

प्रो० अग्रवाल : सचिवालय के आशुलिपिकों को हिन्दी टाइपराइटिंग सिखलाने के लिये क्या सरकार ने कोई प्रबन्ध किया है ?

श्री जगजीवन राम : मैं निश्चित रूप से तो नहीं कह सकता किन्तु बहुत सी ग़ैर-सरकारी संस्थायें हैं जहां इस प्रकार की सुविधायें उपलब्ध हैं तथा काफ़ी संख्या में लोगों को प्रशिक्षित किया जा रहा है ।

श्री एस० सी० सामन्त : माननीय मंत्री ने अभी बतलाया कि एक दूसरी समिति हिन्दुस्तानी तथा प्रादेशिक भाषाओं की आशुलिपि प्रणालियों की उपयोगिता की जांच कर रही है । मैं ज्ञात कर सकता हूं कि क्या यह समिति अन्य प्रादेशिक भाषाओं के लिये भी टाइपराइटिंग की प्रणालियों पर विचार करेगी ?

श्री जगजीवन राम : उस पर भी विचार किया जायेगा ।

चलचित्र जांच समिति

*२८७. **प्रो० अग्रवाल :** (क) क्या **सूचना तथा प्रसारण** मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि भारत सरकार ने चल चित्र जांच समिति की रिपोर्ट पर अब तक क्या कार्यवाही की है ?

(ख) क्या यह सत्य है कि हाल की बहुत से हिन्दी चलचित्रों में राजनैतिक तथा सामाजिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये हिंसात्मक तरीक़ों का जिस में डकैती डालना भी सम्मिलित है, प्रयोग करना दिखलाया गया है ।

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (डा० केसकर) : (क) राज्य सरकारों के साथ परामर्श करते हुये चलचित्र जांच समिति की रिपोर्ट पर विचार किया जा रहा है ।

(ख) सरकार के सामने कोई विशेष मामले नहीं आये हैं । फिर भी, केन्द्रीय चलचित्र नियंत्रण पर्षद् से यह ज्ञात हुआ है कि कुछ हिन्दी फ़िल्में, जिनके कुछ भागों की मैं कह चुका हूं कि जहां तक सम्भव होता है पर्षद हिंसा का प्रदर्शन करने वाले भागों को काट देने का प्रयत्न करता है तथा पर्षद प्रत्येक फ़िल्म पर उसके गुणों के अनुसार विचार करता है ।

प्रो० अग्रवाल : क्या यह तथ्य है कि ऐसी एक फ़िल्म को अन्तर्राष्ट्रीय चलचित्र मेले में दिखाये जाने के लिये चुना गया थ ?

डा० केसकर : मैं नहीं कह सकता कि हिंसा का प्रतिपादन करने वाला कोई फ़िल्म अन्तर्राष्ट्रीय फ़िल्म मेले के लिये चुनी गई थी । जैसा कि मैं ने कहा, जहां तक सम्भव होता है पर्षद हिंसा के दृश्यों को निकाल देने की चेष्टा करता है और प्रत्येक फ़िल्म की उस के गुणों के अनुसार जांच की जाती है ।

प्रो० अग्रवाल : क्या चलचित्र जांच समिति की सिफ़ारिशों के क़ार्यान्वित होने तक, सरकार ने नियंत्रण पर्षद को नियंत्रण को कड़ा करने के लिये कोई अन्तरिम अनुदेश भेजे हैं ?

डा० केसकर : मेरे माननीय मित्र को मिथ्या आशंका हो रही है । नियंत्रण कड़ा करने के प्रश्न से चलचित्र जांच समिति की रिपोर्ट का कुछ अधिक सम्बन्ध नहीं है । गत वर्ष सदन द्वारा पारित किये गये चलचित्र अधिनियम तथा सरकार द्वारा उसे

भेजी गई कुछ हिदायतों के अन्तर्गत नियंत्रण विनियम बनाये गये हैं। निस्सन्देह, जांच समिति की रिपोर्ट में इस प्रश्न के सम्बन्ध में कुछ बातें कही गई हैं किन्तु इस के सम्बन्ध में कोई निश्चित निर्देश नहीं दिया गया है।

सेठ गोविन्द दास : इनक्वायरी कमेटी की रिपोर्ट कितने दिनों से सरकार के सामने है और इस सम्बन्ध में कितने राज्यों से अब तक राय पहुंच चुकी है ?

डा० केसकर : समिति १ सितम्बर, १९४९ को बनाई गई थी तथा उस ने अपनी रिपोर्ट १५ मार्च, १९५१ को दे दी थी। समिति की रिपोर्ट प्राप्त होते ही सरकार ने राज्य सरकारों के पास इस आशय का एक परिपत्र भेज दिया है कि वह समिति की सिफ़ारिशों पर विचार करें। मैं माननीय मित्र का ध्यान इस बात की ओर भी दिलाना चाहता हूं कि रिपोर्ट काफ़ी लम्बी है तथा जो सिफ़ारिशें की गई हैं वह भी जटिल सी हैं—कुछ के सम्बन्ध में विधान पारित करने की आवश्यकता है, कुछ की ओर जिनका सम्बन्ध विभिन्न आर्थिक समस्याओं से है जैसे कर को बढ़ाना या घटाना राज्य सरकारों का ध्यान आकर्षित कराना है। अतः राज्य सरकारों से उत्तर और उनके सुझाव प्राप्त होने में कुछ देर लग गई है।

श्री टी० के० चौधरी : क्या यह सत्य है कि बहुत सी फ़िल्मों का, जिन में अगस्त १९४२ के राष्ट्रीय आन्दोलन को दिखलाया गया है, केन्द्रीय फ़िल्म नियंत्रण पर्षद की हिदायतों के अन्तर्गत दिखलाया जाना बन्द कर दिया गया है ?

डा० केसकर : मैं इस प्रश्न की पूर्व सूचना चाहूंगा।

श्री एम० वी० रामस्वामी : क्या यह सत्य है कि कुछ समय से फ़िल्मों में अधिक लैंगिक भावनाओं को दिखाया जाने लगा है और यदि यह तथ्य है तो सरकार ने उन पर नियंत्रण लगाने के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की है ?

डा० केसकर : मैं उन माननीय सदस्य का ध्यान, जो आजकल दिखलाई जाने वाली फ़िल्मों के सम्बन्ध में आलोचना करना चाहते हैं, इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि जब यह विधेयक सदन के सन्मुख था (जब चलचित्र विधेयक पर विचार हो रहा था) तो सदन ने ही सरकार से यह अधिकार स्पष्ट रूप से छीन लिया था कि वह किसी फ़िल्म के दिखलाये जाने के सम्बन्ध में अन्तिम शब्द कह सकती है अथवा नहीं तथा उसने इस अधिकार को केन्द्रीय फ़िल्म नियंत्रण पर्षद को दिये जाने पर आग्रह किया था। मेरे विचार से सरकार को इस बात के लिये उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है कि नियंत्रण पर्षद किस प्रकार की फ़िल्मों के दिखलाये जाने की अनुमति देता है।

श्री बी० एस० मूर्ति : क्या सरकार नियंत्रण की वर्तमान दक़ियानूसी प्रणाली को जिसके कारण सिनेमा उद्योग की प्रगति में बाधा पड़ रही है, दूर करने के सम्बन्ध में कुछ कार्यवाही करेगी ?

डा० केसकर : श्रीमान्, इस बात पर तो सदन को विचार करना है कि वर्तमान प्रणाली को रखा जाना चाहिये अथवा नहीं।

श्री नम्बियार : मैं ज्ञात कर सकता हूं कि क्या फ़िल्मों पर नियंत्रण लगाते समय राजनैतिक विचारों का ध्यान रखा जाता है—मेरे कहने का मतलब है कि कांग्रेस का प्रचार करने वाली तथा साम्यवाद का प्रचार करने वाली फ़िल्मों के बीच ?

डा० केसकर: श्रीमान्, यह बात केन्द्रीय फ़िल्म नियंत्रण पर्षद के सदस्यों पर निर्भर करती हैं कि उनके राजनैतिक विचार कैसे हैं। किन्तु, यदि मेरे माननीय मित्र सदस्यों के नामों की सूची को देखें तो वह पायेंगे कि उन का किसी राजनैतिक दल से सम्बन्ध नहीं है।

राष्ट्रीय आय समिति

*२८८. **श्री एस० एन० दास:** क्या वित्त मंत्री १३ फ़रवरी १९५२ को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या ७ के सम्बन्ध में दिये गये उत्तर का निर्देश करके यह बतलायेंगे;

(क) क्या अब तक राष्ट्रीय आय समिति की अन्तिम रिपोर्ट सरकार को प्राप्त हो चुकी हैं;

(ख) यदि नहीं प्राप्त हुई है, तो समिति अपना कार्य समाप्त करने के लिये अभी कितना समय और लेगी; तथा

(ग) यदि रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी हैं तो समिति द्वारा सुझाये गये महत्वपूर्ण प्रस्ताव कौन से हैं जिन के सम्बन्ध में निकट भविष्य में कार्यवाही किये जाने की सम्भावना है?

वित्त मंत्री (श्री सी० डी० देशमुख): (क) जी नहीं, श्रीमान्।

(ख) अनुमान किया जाता हैं कि समिति निकट भविष्य में अपनी अन्तिम रिपोर्ट दे देगी।

(ग) प्रश्न उत्पन्न ही नहीं होता हैं।

श्री एस० एन० दास: मैं ज्ञात कर सकता हूं कि समिति की पहली रीपोर्ट के प्रकाशित हो जाने के समय से अब तक सरकार ने विश्वविद्यालयों तथा अन्य संस्थाओं में राष्ट्रीय आय क्षेत्र में अनुसन्धान कार्य करने को प्रोत्साहन देने के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की है?

श्री सी० डी० देशमुख: श्रीमान्, राष्ट्रीय आय समिति के निर्देश पदों में उपलब्ध आंकड़ों को और अच्छा बनाने तथा और आवश्यक आंकड़ों को इकट्ठा करने के उपाय तथा राष्ट्रीय आय के क्षेत्र में अग्रेतर अनुसन्धान करने के साधन सम्मिलित हैं। इस सम्बन्ध में उस की सिफ़ारिशों को हम आने वाली रिपोर्ट में प्राप्त होने की आशा कर रहे हैं।

श्री एस० एन० दास: श्रीमान् मैं ज्ञात कर सकता हूं जैसा कि समिति ने अपनी पहली रिपोर्ट में सुझाव दिया था—कि राष्ट्रीय आय क्षेत्र में अनुसन्धान कार्य करने के लिये क्या गैर सरकारी विशेषज्ञों को सूचना दी जाती है?

श्री सी० डी० देशमुख: श्रीमान् मुझे अच्छी तरह मालूम नहीं है कि माननीय सदस्य पहली रिपोर्ट के किस भाग की ओर संकेत कर रहे हैं। मुझे ज्ञात नहीं है कि उस सम्बन्ध में कोई विशिष्ट कार्यवाही की भी गई है अथवा नहीं।

श्री एस० एन० दास: श्रीमान्, मैं ज्ञात कर सकता हूं कि क्या विदेशी विशेषज्ञों के अतिरिक्त राष्ट्रीय आय समिति ने इस सम्बन्ध में अन्य प्रमुख विशेषज्ञों से बातचीत की है?

श्री० सी० डी० देशमुख: स्थिति यह है कि भारतीय विशेषज्ञ स्वयं समिति के सदस्य थे।

राष्ट्रीय आय एकक

*२८९. **श्री एस० एन दास:** क्या वित्त मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे:

(क) क्या सरकार ने इस बात का निश्चय किया है कि राष्ट्रीय आय एकक को

वित्त मंत्रालय से सम्बद्ध करके एक स्थायी कार्यालय के रूप में जारी रखा जाये ; तथा

(ख) इस विभाग के कार्य संचालन के सम्बन्ध में राष्ट्रीय आय समिति ने कौन कौन सी महत्वपूर्ण सिफ़ारिशें की है ?

वित्त मंत्री (श्री सी० डी० देशमुख) : (क) श्रीमान्, अभी तक नहीं । राष्ट्रीय आय समिति की अन्तिम रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस विषय पर विचार किया जायेगा ।

(ख) राष्ट्रीय आय समिति की सिफ़ारिशें अभी तक प्राप्त नहीं हुई हैं । निकट भविष्य में उन के प्राप्त होने की आशा है ।

श्री एस० एन० दास : श्रीमान्, क्या मैं ज्ञात कर सकता हूं कि समिति ने अपनी पहली रिपोर्ट में जिन आंकड़ों का संग्रह किया है उस के फलस्वरूप यह विभाग बढ़ा दिया गया है अथवा निकट भविष्य में इसके बढ़ा दिये जाने की सम्भावना है ।

श्री सी० डी० देशमुख : श्रीमान्, अभी तक इस विभाग को बढ़ाया नहीं गया है । भविष्य में इस के बढ़ाये जाने की सम्भावना इस बात पर निर्भर करती है कि समिति अपनी दूसरी रिपोर्ट में किस प्रकार की सिफ़ारिशें करेगी ।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

राजा भोज का लौह स्तम्भ

*२९०. **श्री एम० एल० द्विवेदी :** (क) क्या **शिक्षा** मंत्री राजा भोज के लौह स्तम्भ के बारे में २८ सितम्बर, १९५१ को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या १३७७ के सम्बन्ध में दिये गये उत्तर का निर्देश करने की कृपा करेंगे तथा यह बतलायेंगे कि क्या अब तक वह स्तम्भ मरम्मत करवा कर खड़ा करा दिया गया है ;

(ख) यदि खड़ा करवा दिया गया है, तो उस पर लागत क्या आई है ; तथा

(ग) यह कार्य किस के द्वारा करवाया गया ?

संचरण मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) जी नहीं ।

(ख) तथा (ग) प्रश्न उत्पन्न ही नहीं होते ।

प्रलेखीय चलचित्र

*२९१. **श्री एम० एल० द्विवेदी :** क्या **सूचना तथा प्रसारण** मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे :

(क) १८ दिसम्बर, १९५० को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या ९९४ के सम्बन्ध में पूछे गये एक अनुपूरक प्रश्न के उत्तर में दिये गये वचन के अनुसार प्रलेखीय चलचित्रों के व्यापारिक आधार पर वितरण किये जाने का प्रबन्ध किन किन देशों में किया गया है ;

(ख) प्रलेखीय चलचित्रों को समझाने के लिये किस भाषा का प्रयोग किया गया है ; तथा

(ग) विदेशों को भेजी गई इन फ़िल्मों की संख्या में क्या कोई अग्रेतर वृद्धि हुई है ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्री (डा० केसकर) : (क) माननीय सदस्य का ध्यान ४ मार्च, १९५२ को सदन पटल पर रखे गये उस विवरण की ओर आकर्षित किया जाता है जो १८ दिसम्बर, १९५० को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या ९९४ के सम्बन्ध में पूछे गये एक अनुपूरक प्रश्न के उत्तर में सदन पटल पर रखा गया था ।

(ख) चलचित्र डिवीज़न केवल हिन्दी, तामिल, तेलगू,-बंगाली तथा अंग्रेज़ी में चलचित्र तैयार करता है ।

(ग) जी हां, श्रीमान् ।

सेवा काल में वृद्धि

*२९२. **श्री एन० एस० जैन :** क्या **गृह कार्य** मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे :

(क) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष में कितने केन्द्रीय सरकारी अधिकारियों

तथा उन के नीचे काम करने वाले कर्मचारियों की अवकाश ग्रहण आयु से आगे उन के सेवाकाल को बढ़ाया गया है ;

(ख) क्या इस सम्बन्ध में कोई नियम बनाये गये हैं कि इन इन शर्तों पर सेवाकाल बढ़ाया जा सकता है ; तथा

(ग) यदि बनाये गये हैं तो क्या सरकार उन की एक प्रति सदन पटल पर रखने का विचार रखती है ?

गृहकार्य तथा राज्य मंत्री (डा० काटजू) : (क) गृह कार्य मंत्रालय ने सन् १९४९ में ४६,१९५० में ७२ तथा १९५१ में ६१ अधिकारियों के सेवाकाल को बढ़ाने की मंजूरी दी थी ।

इन में से ४१ अधिकारी ऐसे थे जिन का सेवाकाल एक बार से अधिक बढ़ाया गया था ।

(ख) तथा (ग) : समय समय पर जारी किये जाने वाले अनुदेशों की एक प्रति सदन पटल पर रखी जाती है [।**देखिये परिशिष्ट २, अनुबन्ध संख्या १२**]

विदेशों में भारतीय छात्र

***२९३. श्री आर० एस० तिवारी** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे :

(क) राज्य की सहायता से इस समय कितने भारतीय छात्र विदेशों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं ;

(ख) किन किन विषयों में वह शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं ;

(ग) कितने छात्र कृषि शास्त्र का अध्ययन कर रहे हैं ; तथा

(घ) सन् १९५२-५३ में विदेशों में कितने छात्रों के भेजे जाने की सम्भावना है ?

संचरण-मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) से (घ) : इस सम्बन्ध में एक विवरण जिसमें अपेक्षित सूचना दी गई है सदन पटल पर रखा जाता है । [**देखिये परिशिष्ट २, अनुबन्ध संख्या १३**]

केन्द्रीय उत्पाद कर

३९. श्री के० सी० सोधिया : क्या **वित्त** मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि सन् १९५०-५१ तथा १९५१-५२ में "तम्बाकू" शीर्षक तथा "तैयार की गई" तथा "तैयार न की गई" उप शीर्षकों के अन्तर्गत केन्द्रीय उत्पाद कर के रूप में कितनी राशि प्राप्त हुई ?

वित्त राज्य-मंत्री (श्री त्यागी) : एक विवरण सदन पटल पर रखा जाता है । [**देखिये परिशिष्ट २, अनुबन्ध संख्या १४**]

निवृत्ति-वेतन नियम

४०. श्री यू० सी० पटनायक : क्या **गृहकार्य** मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे :

(क) क्या भारतीय प्रशासनिक सेवा तथा भारतीय पुलिस सेवा के सम्बन्ध में लागू होने वाले निवृत्ति वेतन नियम बना लिये गये हैं ;

(ख) यदि बना लिये गये हैं, तो क्या सरकार इन नियमों की एक प्रति सदन पटल पर रखने का विचार रखती है ;

(ग) यदि नियम बनाये जा चुके हैं तो उन्हें अभी तक प्रकाशित क्यों नहीं किया गया हैं ;

(घ) यदि उपरोक्त भाग (क) का उत्तर नकारात्मक हो तो अभी तक कोई नियम क्यों नहीं बनाये गये हैं ; तथा

(ङ) आई० ए० एस० तथा आई० पी० एस० के लिये निवृत्ति-वेतन नियमों के प्रकाशित होने तक क्या मार्च, १९४९ में किसी आदेश द्वारा उन प्रान्तीय सेवा

अधिकारियों का जो पहले सूची में दिये गये पदों पर काम करते थे तथा जिनकी नियुक्ति आई० ए० एस० या आई० पी० एस० में कर दी गई थी, अतिरिक्त निवृत्ति-वेतन बन्द कर दिया गया है ?

गृहकार्य तथा राज्य मंत्री (डा० काटजू) : (क) अभी तक नहीं ।

(ख) तथा (ग). प्रश्न उत्पन्न ही नहीं होते हैं ।

(घ) जब तक केन्द्रीय सेवाओं के लिये इस सम्बन्ध में केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफ़ारिशें प्राप्त नहीं हो गई थीं तब तक आई० ए० एस० तथा आई० पी० एस० के लिये निवृत्ति सुविधाओं सम्बन्धी नियमों के विषय में कोई निश्चय करना सम्भव नहीं था । अखिल भारतीय सेवाओं को कौन कौन सी निवृत्ति-वेतन सम्बन्धी सुविधायें दी जानी चाहियें इस के सम्बन्ध में राज्य सरकारों से बातचीत करके व्यौरा तैयार किया जा रहा है ।

(ङ) जी हां । केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफ़ारिशों में से यह भी एक सिफ़ारिश थी जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया था कि उन अतिरिक्त निवृत्ति-वेतनों को बन्द कर दिया जाये जो कि पहले कुछ पदों पर काम करने वालों को मिलता था ।

भारत में स्कूल और कालिज

४१. डा० पी० एस० देशमुख : (क) **क्या शिक्षा** मंत्री भारत में प्राथमिक तथा माध्यमिक स्कूलों तथा कालिजों और उन में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या सम्बन्धी नवीनतम आंकड़े बतलाने की कृपा करेंगे ?

(ख) वह आंकड़े किस वर्ष के हैं तथा उन की तुलना उस से पिछले वर्ष के साथ कैसी है ?

संचरण मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) सन् १९४८-४९ तथा १९४९-५० की अपेक्षित सूचना सम्बन्धी एक विवरण सदन पटल पर रखा जाता है । [**देखिये परिशिष्ट २, अनुबन्ध संख्या १५**]

(ख) संस्थाओं तथा उन में पढ़ने वालों दोनों ही की संख्याओं में बहुमुखी वृद्धि हुई थी ।

किचनर कालेज

४२. श्री एम० एल० द्विवेदी : क्या **रक्षा** मंत्री १३ दिसम्बर, १९५० को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या ८८७ का निर्देश कर के यह बतलाने की कृपा करेंगे कि नौगांव स्थित सैनिक प्रशिक्षण के किचनर कालेज की इमारतों को तब से क्या किसी अन्य कार्य के लिये काम में लाया गया है ?

रक्षा मंत्री (श्री गोपालस्वामी) : नौगांव स्थित किचनर कालेज की इमारतों को अभी तक किसी काम में लाना संभव नहीं हो सका है । भारत सरकार इस बात पर सक्रिय विचार कर रही है कि किंग जार्ज मिलिटरी कालेज को जालन्धर से नौगांव स्थित इन इमारतों में भेज दिया जाये।

Thursday 29, May, 1952

अंक १

संख्या १

सत्यमेव जयते

1st Lok Sabha

(First Session)

संसदीय वाद विवाद

लोक सभा

शासकीय वृत्तान्त

(हिन्दी संस्करण)

Preservation Unit
Fumigated
Parliament Library

भाग २—प्रश्न और उत्तर से पृथक् कार्यवाही

विषय-सूची

सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण [पृष्ठ भाग १—१४]

(मूल्य ६ आने)

312 P.S.D.

लोक सभा

सदस्यों की वर्णानुक्रम सूची

अ

अकरपुरी, सरदार तेजा सिंह (गुरुदासपुर)

अग्रवाल, प्रो० आचार्य श्रीमन् नारायण (वर्धा)

अग्रवाल, श्री होती लाल [(जिला जालौन वा, ज़िला इटावा (पश्चिम) व ज़िला झांसी (उत्तर)]

अग्रवाल, श्री मुकुन्द लाल (ज़िला पीलीभीत व ज़िला बरली (पूर्व)

अचलू, श्री सुनकम (नलगोंडा-रक्षित अनुसूचित जातियां)

अचल सिंह, सेठ ज़िला आगरा (पश्चिम)

अचिंत राम, लाला (हिसार)

अच्युतन, श्री के० टी० (क्रैंगन्नूर)

अजीत सिंह, श्री (कपूरथला-भटिंडा-रक्षित-अनुसूचित जातियां)

अजीत सिंहजी, जनरल (सिरोही-पाली)

अन्सारी, डा० शौकतुल्ला शाह (बीदर)

अब्दुल्ला भाई, मुल्ला ताहिर अली मुल्ला (चांदा)

अब्दुस्सत्तार, श्री (कलना-कटवा)

अमजद अली, जनाब (ग्वालापाड़ा—गारो पहाड़ियां)

अमीन, डा० इन्दुभाई बी० (बड़ौदा —पश्चिम)

अमृतकौर, राजकुमारी (मंडी—महासू)

अयंगार, श्री एम० ए० अनन्तशयनम् (तिरुपति)

अलगेशन, श्री ओ० बी० (चिंगलपुट)

अलवा, श्री जोकिम (कनारा)

212 P. S. D

अस्थाना, श्री सीता राम (ज़िला आज़मगढ़—पश्चिम)

आ

आगम दास जी, श्री (बिलासपुर-दुर्ग-रायपुर-रक्षित अनुसूचित जातियां)

आज़ाद, मौलाना अबुल कलाम (ज़िला रामपुर व ज़िला बरेली पश्चिम)

आनन्द चन्द, श्री (बिलासपुर)

आल्तेकर, श्री गणेश सदाशिव (उत्तर सतारा)

इ

इब्राहीम, श्री ए० (रांची उत्तर-पूर्व)

इय्यानी, श्री इयाचरण (पोन्नानी-रक्षित-अनुसूचित-जातियां)

इयुन्नी, श्री सी० आर० (त्रिचूर)

इलया पेरुमल, श्री (कुड्लूर-रक्षित-अनुसूचित जातियां)

इस्लामुद्दीन, श्री मुहम्मद (पूर्णिया-उत्तर पूर्व)

उ

उइके, श्री एम० जी० (मंडला-जबलपुर दक्षिण-रक्षित-अनुसूचित जन जातियां)

उपाध्याय, पंडित मुनीश्वर दत्त (ज़िला प्रतापगढ़—पूर्व)

उपाध्याय, श्री शिव दत्त (सतना)

उपाध्याय, श्री, शिवदयाल (ज़िला बांदा व जिला फ़तहपुर)

ए

एबनज़िर, डा० एस० एल० (विकाराबाद)

एन्थनी, श्री फ्रैंक (नाम निर्देशित-आंग्ल-भारतीय)

क

कक्कन, श्री पी० मदराई—रक्षित-अनुसूचित-जातियां)

कजरोलकर, श्री नारायण सदोबा (बम्बई शहर-उत्तर-रक्षित-अनसूचित-जातियां)

कतम, श्री बीरेन्द्र नाथ (उत्तर बंगाल-रक्षित-अनुसूचित जन जातियां)

कंडासामी, श्री एस० के० (तिरुचन गौड)

कमल सिंह, श्री (शाहाबाद—उत्तर-पश्चिम)

करमारकर, श्री डी० पी० (धारवाड़—उत्तर)

कर्णी सिंह जी, श्री महाराजा बीकानेर (बीकानेर-चूरू)

कास्लीवाल, श्री नेमीचन्द्र (कोटा-झालावाड़)

कांबले, श्री देवरोआ नामदेवरोआ (नान्देड़-रक्षित-अनुसूचित जातियां)

कचि रॉयर, श्री एम० डी० गोविन्द स्वामी (कुडलूर)

काज़मी, श्री सैयद मोहम्मद अहमद (ज़िला सुल्तानपुर-उत्तर-व ज़िला फ़ैज़ाबाद दक्षिण पश्चिम)

काटजू, डा० कैलाश नाथ (मन्दसौर)

कानूनगो, श्री नित्यानन्द (केन्द्रपाड़ा)

कामराज, श्री के० (श्री बिल्लिपुतूर)

काले, श्रीमती अनसुय्याबाई (नागपुर)

किदवई, श्री रफ़ी अहमद (ज़िला बहराईच-पूर्व)

किरोलिकर, श्री वासुदेव श्रीधर (दुर्ग)

कुरील, श्री प्यारे लाल (ज़िला बांदा व ज़िला फ़तहपुर—रक्षित अनुसूचित जातियां)

कुरील, श्री बैज नाथ (ज़िला प्रताप गढ़ पश्चिम व ज़िला रायबरेली पूर्व-रक्षित-अनुसूचित जातियां)

कृपलानी, श्रीमती सुचेता (नई-दिल्ली)

कृष्ण, श्री एम० आर० (करीमनगर-रक्षित अनुसूचित जातियां)

कृष्णचन्द्र, श्री (जिला मथुरा-पश्चिम)

कृष्णप्पा, श्री एम० वी० (कोलार)

कृष्णमाचारी, श्री टी० टी० (मद्रास)

कृष्णस्वामी, डा० ए० (कांचीपुरम)

केलप्पन, श्री के० (पोन्नानी)

केशवय्गंगार, श्री एन० (बंगलौर उत्तर)

केसकर, डा० बी० बी० (ज़िला सुल्तानपुर-दक्षिण)

कोले, श्री जगन्नाथ (बाकुंडा)

कौशिक, श्री पन्नालाल आर० (टोंक)

ख

यह भी कहा गया है कि इस का प्रभाव रेलवे कर्मचारियों पर ठीक नहीं पड़ा है। उन का कहना है कि मेरे द्वारा दिये गये वचन अर्थात किसी रेलवे कर्मचारी को उस की इच्छा के विरुद्ध किसी अन्य स्थान पर नहीं भेजा जायेगा—केवल कोरी बातें हैं। किन्तु मैं दावे से कहता हूं कि उन्हें कार्यान्वित किया जा रहा है।

रेलवे कर्मचारियों की तरक्की का भी प्रश्न उठाया गया है। जहां तक घोषित अधिकारियों का सम्बन्ध है उन पर महाखण्डों में रहने का कोई असर नहीं पड़ता, क्योंकि उन की पदोन्नति अखिल भारतीय सेवा की भांति होती है। उन्हें किसी भी जगह भेजा जा सकता है। दूसरी तीसरी तथा चौथी श्रेणी के रेलवे कर्मचारी तो कभी भी डिवीज़न के बाहर नहीं जाते हैं। और डिवीज़न ज्यों के त्यों रखे गये हैं। इस के अतिरिक्त जब अन्य रेलों के भाग कुछ बड़ी रेलों में मिला दिये गये हैं तब तो पदोन्नति का मौक़ा और भी बढ़ जाता है। और सीधी सी बात तो यह है कि यदि उन का काम अच्छा है और वह योग्य हैं तो उन्हें नई व्यवस्था में उन्नति करने के हज़ारों अवसर प्राप्त होंगे।

इलाहाबाद का ही उदाहरण ले लीजिये। इलाहाबाद के उत्तरी रेलवे में मिला दिये जाने से कोयले के डब्बे सरलता से प्राप्त होने लगे हैं। कोयला व्यापार भी सन्तुष्ट

[श्री एच० एस० रेड्डी]

है क्योंकि उसे कोयला भरने के लिये शीघ्रता से डब्बे मिलने लगे हैं। यह सब कलकत्ता तथा मुग़लसराय में विशेष अधिकारी रखने के कारण हो सका है क्योंकि वह वहां की कठिनाइयों को वहीं पर हल कर देते हैं।

११ म० प०

डा० एस० पी० मुखर्जी : क्या इन नये अधिकारियों के नियुक्त करने से ख़र्चा बढ़ नहीं गया है ?

श्री गोपालास्वामी : मेरे विचार से मेरे मित्र को धैर्य्य से काम ले कर समूची योजना के कार्यान्वित होने तक प्रतीक्षा करनी चाहिये। इस प्रकार की बड़ी बड़ी योजनाओं के सम्बन्ध में किसी के लिये भी आसानी से यह कहना सम्भव नहीं है कि इतने धन की बचत हो जायेगी। फिर भी, मुझे विश्वास है कि वर्गीकरण के पूर्णरूप से कार्यान्वित हो जाने पर काफ़ी बचत होगी।

कुछ देर पहले यह प्रश्न उठाया गया था कि मैंने बंगाल के जनमत को स्वीकार करने के सम्बन्ध में क्या किया। मैं यह बतला देना चाहता हूं कि जब स्यालदा का प्रश्न उठा था तो मुझ से कहा गया था कि मैं बंगाल के मुख्य मंत्री से बातचीत करूं। पहले उन का विचार था कि स्यालदा को उत्तर-पूर्वी रेलवे में मिला दिया जाये। अपने सलाहकारों से बातचीत करने पर मैं भी उन की राय से सहमत हो गया था। किन्तु कलकत्ता वापस पहुंचने पर उन्होंने अपने आप को सन्देह में पाया तथा इस बारे में पुनः बातचीत करने की इच्छा प्रगट की। बातचीत में बंगाल से आने वाले व्यक्तियों ने यह इच्छा प्रकट की कि स्यालदा को पूर्वी रेलवे में रखा जाय। किन्तु उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने इस का कड़ा बिरोध किया। उन का कहना था कि स्यालदा को उत्तर-पूर्वी रेलवे में ही रहना चाहिये। किन्तु बंगाल की इच्छा को देखते हुये तथा अपनी और रेलवे बोर्ड की इसी इच्छा को देखते हुये मैंने स्यालदा का पूर्वी रेलवे में रखा जाना स्वीकार कर लिया। क्या इस प्रकार मैं ने बंगाल के जनमत को स्वीकार नहीं किया ? इस के विपरीत मैं ने उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री की बातें नहीं मानी। वह लखनऊ में उत्तरी रेलवे का प्रधान कार्यालय चाहते थे। वह स्यालदा को उत्तर-पूर्वी रेलवे में रखना चाहते थे। किन्तु मैं ने गोरखपुर में प्रधान कार्यालय रखे जाने तथा इलाहाबाद डिवीज़न के उत्तरी रेलवे में मिलाये जाने की मांगों को स्वीकार कर लिया। बंगाल के मुख्य मंत्री कलकत्ता में दो प्रधान कार्यालय चाहते थे किन्तु इस बात के स्वीकार करने पर ६ की बजाय सात महा खण्ड बनाने पड़ते जो कि वर्गीकरण योजना के सिद्धान्तों के विरुद्ध था। अतः मैं ने उसे स्वीकार नहीं किया।

श्री एस० एस० मोरे (शोलापुर) : यद्यपि रेलवे आयव्ययक प्रस्तुत करने वाले मंत्री जी सिर से पैर तक खद्दर में लदे हुये हैं, परन्तु उन्होंने जो आयव्ययक प्रस्तुत किया है उस पर "इंगलैंड में बना" की छाप लगी हुई है। वास्तव में यह आयव्ययक नौकरशाही द्वारा नौकरशाही ढंग पर बनाया गया है जिस में जनता का कोई ध्यान नहीं रखा गया है। होना तो यह चाहिये था कि रेल मंत्री किसी कम्पनी के सभापति की भांति सदस्यों को कम्पनी का अंशधारी समझ कर उनके सामने भाषण देते किन्तु उन्होंने ऐसा नहीं समझा है। जिस प्रकार अंग्रेज़ रेलों को शोषण का एक साधन समझते थे उसी प्रकार कांग्रेस भी उन्हें शोषण करने का एक साधन समझती है। तीसरे दर्जे के मुसाफिरों के लिये सुविधायें बढ़ाने के सम्बन्ध में सन् १९२५ से ही रट लगाई जा रही है किन्तु सब सुनी अनसुनी हो रही है अनेक समि

तियों ने रेलवे में छंटनी करने के लिये सिफ़ारिशें की थीं किन्तु उनको कार्यान्वित ही नहीं किया गया । इस के विपरीत किराया बढ़ा दिया गया है । वास्तव में, रेलों को चलाने का उद्देश्य है ग़रीबों को और ग़रीब बनाना । यहां तक कि उद्योगपतियों को भी इस से कोई लाभ नहीं पहुंचा है । बात तो यह है कि कांग्रेस ने जो जो वचन दिये थे अब वह उन्हीं को तोड़ रही है । "स्वदेशी" के नाम पर "विदेशी" ढंग पर आयव्ययक तैयार किया गया है ।

श्री आर० के० चौधरी (गौहाटी) : जहां तक रेलवे के वर्गीकरण का सम्बन्ध है यह बात तो निश्चय से कही जा सकती है कि वर्गीकरण का मामला तय हो गया है । यदि जनमत ने इस का कड़ा विरोध न किया तब तो वर्गीकरण को रोका नहीं जा सकता है । वास्तव में देखा जाय तो इस से मुसाफिरों को कोई हानि नहीं होगी । हो सकता है सामान इत्यादि के भेजने में उन्हें कुछ कष्ट उठाना पड़े । सत्य तो यह है कि वर्गीकरण का विरोध करने वाले रेलवे कर्मचारी हैं । इस प्रकार यह मामला रेलवे बोर्ड और रेलवे कर्मचारियों के बीच है । केन्द्रीय परामर्शदात्री परिषद् का मैं भी एक सदस्य था । मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि २७ फरवरी से पहले न केवल रेल कर्मचारी ही बल्कि परिषद् के सदस्यों की राय भी वर्गीकरण के विरुद्ध थी । यदि रेलवे बोर्ड गोरखपुर में प्रधान कार्यालय रखने के लिये तैयार न हो जाता तो वर्गीकरण ही कब का समाप्त हो गया होता । वर्गीकरण के प्रश्न को उस के गुण व अवगुण पर तय नहीं किया गया । गोरखपुर को प्रधान कार्यालय बना दिया जाने के आश्वासन पर ही सदस्यों तथा मंत्रियों ने इस प्रश्न पर और ही तरह से विचार करने का वचन दिया । पहले तो समिति के सभी सदस्य विरुद्ध थे किन्तु बाद में सब वर्गीकरण के पक्ष में हो गये । हमारे विचार से इस प्रश्न पर संसद् स्वयं विचार कर के अपना निर्णय देता । किन्तु पहले दिये गये भाषणों से यह स्पष्ट हो जाता है कि संसद् भी इसके पक्ष में है । फिर भी, मुझे इस बात का विश्वास है कि यदि रेलवे बोर्ड ने वर्गीकरण को देश के हित में न पाया तो वह गत वर्ष रेल के दर्जों में किये गये परिवर्तन के समान ही इसे भी हटा देगा ।

इस । तो सन्देह ही नहीं है कि सन् १९४६ के पश्चात् से रेलों की हालत में काफी सुधार हुआ है । उन में यात्रा करने वालों को अनेक सुविधायें बढ़ा दी गई हैं । विशेषकर तीसरे दर्जे के यात्रियों के लिये । मैं किराया बढ़ाने का विरोधी नहीं हूं किन्तु साथ ही मैं चाहता हूं कि मुसाफिरों को उतनी ही सुविधायें भी दी जायें ।

किन्तु बहुत सी बातें अभी ऐसी हैं जिन की ओर सरकार ने ध्यान नहीं दिया है—जैसे स्त्रियों के लिये बनाये गये डब्बे । उन में शौचालयों का ठीक प्रबन्ध नहीं है । और तो और जिस प्रदेश से मैं आता हूं वहां के यात्रियों को यात्रा का भाड़ा देने के साथ साथ गाड़ी में धक्के भी लगाने पड़ते हैं । वहां लाइनों पर भैंसे, हाथी इत्यादि खड़े हो जाते हैं । इन सब बातों का तो अन्त किया ही जाना चाहिये ।

श्री रघवय्या (ओंगोल) : सूचना ज्ञात करने के सम्बन्ध में—क्योंकि कल गृह कार्य मंत्री ने गोरखपुर में रेलवे कर्मचारियों पर चलाई गई गोली के सम्बन्ध में एक रिपोर्ट सदन पटल पर रखने के बारे में इच्छा प्रगट नहीं की, इसलिये क्या रेल मंत्री उसे रखने की कृपा करेंगे जिस से कि माननीय सदस्य सन्तुष्ट हो सकें ।

सभापति महोदय : इस प्रश्न पर कल भी बहस हो चुकी है । अध्यक्ष महोदय ने

[सभापति महोदय]

कल कहा था कि जिस किसी पत्रिका, क़ाग़ज़ इत्यादि का निर्देश किया जायेगा उस को स्वभावतः पटल पर रखा जाना चाहिये। मेरे विचार में यही प्रथा अपनाई जायेगी ?

श्री पुन्नूस (आल्लप्पी) : मैं रेलवे आयव्ययक को अपने राज्य में रहने वाले व्यक्तियों की दृष्टि से देखना चाहता हूं। त्रावनकोर-कोचीन में सब से घनी आबादी है। वहां पर करेल में व्यापारकि फस्लें होती ह, नारियल तथा नारियल की जटाओं से बनी वस्तुयें तैयार होती हैं, किन्तु उन को भेजने के लिये किसी प्रकार के यातायात का प्रबन्ध नहीं है। उन स्थानों को कोचीन से रेल द्वारा नहीं मिलाया गया है। वर्तमान आय-व्ययक में भी केवल ३·९ लाख रुपये की व्यवस्था की गई है जो कि कांग्रेस सरकार के लिये लज्जाजनक बात है।

तीसरे दर्जे के मुसाफिरों को जो कष्ट उठाने पड़ते हैं उन के सम्बन्ध में उसी समय से कहा जा रहा है जब से रेलवे बनी है। यहां तक कि अब कांग्रेस सरकार भी अपने दिये गये वचन भूल गई है। उसने सुविधायें देने का केवल ढोंग रच रखा है। उदाहरण के लिये .पश्चिमी रेलवे के फुलैरा रेलवे को ले लीजिये। वहां पर मुसाफिरों को वर्षा और धूप से बचाने के लिये प्लेटफार्मों को सायादार बनाने की आवश्यकता है। और इस के लिये २.५० लाख रुपये चाहिये। किन्तु इस वर्ष केवल एक लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। क्या यह जनता का उप-हास करना नहीं है ? लोग पानी और धूप से परेशान होते हैं और सरकार उन के कष्टों को दूर करने में सालों का समय लगाती है।

सन् १९४९-५० में तीसरे दर्जे का किराया २० से २५ प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया था। आख़िरकार यह किराया क्यों बढ़ाया गया ? माननीय श्री गोपाल तो यही कहेंगे कि कार्यसंचालन का व्यय बढ़ गया था इसलिये भाड़ा केवल थोड़ा सा बढ़ा दिया गया है। किन्तु क्या उन्होंने इस बात पर विचार किया कि जनता इतना भाड़ा दे भी सकेगी अथवा नहीं। अब इस का परिणाम यह हुआ कि तीसरे दर्जे का यातायात ४.२ प्रतिशत घट गया है। राजनैतिक विचारों तथा व्यापार के दृष्टिकोण से भी केवल यही उत्तम है कि सन् १९४९ में जो किराये थे उन्हीं को पुनः लागू कर दिया जाय।

नौ लाख रेलवे कर्मचारियों के सम्बन्ध में मुझे केवल इतना ही कहना है कि सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा नियमों पर न अड़ी रहे। यह तो ऐसे नियम हैं जिन के लिये सन् १९५२ में कांग्रेस सरकार को भी लज्जा आनी चाहिये। रेलवे कर्मचारी इन्हें नहीं चाहते न ही जनता इन्हें पसन्द करती है। किन्तु इस पर भी सरकार उन को काम में ला रही है। यद्यपि इस सम्बन्ध में मद्रास उच्च न्यायालय ने अपना निर्णय दे दिया है फिर भी ३०० कर्मचारियों को नौकरी पर वापस नहीं लिया गया है। मेरा कहना है कि इन कर्मचारियों को वापस लिया जाये तथा यह नियम रद्द कर दिया जाये।

पंडित एल० के० मैत्रा (नवद्वीप) : रेलवे वर्गीकरण के सम्बन्ध में श्री गोपालस्वामी ने जो भाषण दिया है उस को सुनने के पश्चात् इस सम्बन्ध में कुछ कहना मैं अपना कर्तव्य समझता हूं। मैं उन में से हूं जिन्होंने आरम्भ से ही वर्गीकरण का विरोध किया है-- क्योंकि ऐसा करने के लिये यह उपयुक्त समय नहीं है। हमारी रेलें ऐसी दशा में नहीं हैं कि उन की इस समय इस प्रकार से चीड़ फाड़ की जाय। गत फरवरी में जब श्री गोपालस्वामी ने उत्तर-पूर्वी रेलवे के प्रधान कार्यालय को गोरखपुर से कलकत्ता भेजने के समर्थन में भाषण दिया था तो उत्तर प्रदेश और बिहार के मेरे मित्रों का इस का

विरोध करना स्वाभाविक ही था। क्योंकि यह कार्यालय वहां गत ६४ वर्षों से चला आता है। मैं ने अपने केन्द्रीय परामर्श-दात्री परिषद् के सदस्यों तथा संसद् सदस्यों के साथ बातचीत करने के उपरान्त यही सुझाव रखा कि वर्गीकरण का प्रश्न नये संसद के लिये उठा रखा जाये। जब काम-चलाऊ संसद् में २५ और २६ फ़रवरी को इस विषय पर चर्चा हुई थी तो श्री गोपाल-स्वामी ने छपे हुए स्मृतिपत्र में दी गई योजना का मुक्त कंठ से समर्थन किया था। २७ फ़रवरी को होने वाले रेल केन्द्रीय परामर्श-दात्री परिषद् की बैठक में भी मैं ने यही कहा था कि इस प्रश्न को नये संसद् के आने तक के लिये स्थगित कर दिया जाये। परिषद् की बैठक ६ मार्च के लिये स्थगित हो गई। उस बैठक में रेल मंत्री ने यह घोषणा की कि जनमत का सम्मान करते हुए उत्तर-पूर्वी रेलवे का प्रधान कार्यालय कलकत्ते से गोरखपुर वापस भेज दिया जायेगा। इलाहाबाद डिवीजन को उत्तरी रेलवे में मिला दिया जायेगा। लोगों ने इस का विरोध किया किन्तु कोई फल न निकला। मैं पूछना चाहता था कि रेलवे के डिवीजन क्या कोई भेड़ बकरी हैं जिन्हें जब चाहा और जिसे चाहा उठा कर दे दिया? रेलवे का वर्गीकरण करने में हमें देश के हित को सब से प्रथम रखना चाहिये। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए मैं ने एक विमति टिप्पणी लिखी थी। मैं समझता था कि वह भी परिषद् की कार्यवाही का एक भाग समझी जायेगी। इस प्रकार सभी सदस्यों को ज्ञात हो जायेगा कि हम इस योजना का विरोध क्यों कर रहे हैं। मैं यही नहीं चाहता कि गोरखपुर से प्रधान कार्यालय हटा दिया जाये। किन्तु कुछ बातें ऐसी होती हैं जिन्हें आप को मानना ही पड़ता है। यद्यपि पश्चिमी बंगाल आज सब से छोटा राज्य है किन्तु आज भी उस में देश के ५० प्रतिशत उद्योग स्थापित हैं। कलकत्ते में देश का ५० प्रतिशत समुद्रीमाल उतारा और चढ़ाया जाता है। कल तक वहां रेलों के तीन प्रधान कार्यालय थे फिर आज एक ही प्रधान कार्यालय से कैसे काम चल सकता है। क्या देश का ५० प्रतिशत वाणिज्य और व्यापार किसी एक बात के लिये बलिदान कर दिया जाये? यदि मंत्री महोदय चाहते तो वह ६ मार्च और १४ अप्रैल के बीच जनमत ज्ञात कर सकते थे। किन्तु उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया। उल्टे हम पर प्रान्तीयता का दोष लगाया। कलकत्ता का देश के वाणिज्य और व्यापार में जो स्थान है उसे आप नहीं छीन सकते। यहां तक कि आज पश्चिमी बंगाल में एक भी ऐसी संस्था नहीं है न ही ऐसा कोई व्यक्ति है जो इस का विरोध न करता हो। मेरा तो माननीय मंत्री से कहना है कि वह जनमत को पहचानें। प्रजातंत्र में जनमत ही सब कुछ है। आप उस की अवहेलना नहीं कर सकते। कलकत्ते में दो प्रधान कार्यालय तो रहने ही दीजिये। दूसरे ईस्ट इण्डियन रेलवे जैसी रेलवे में काट छांट न कीजिये। यह देश की सब से सुन्दर और कार्यकुशल रेलवे है। एक बार रेल मंत्री पुनः इन बातों पर गौर करें और फिर अन्तिम फ़ैसला करें। आप एक बहुत बड़े पैमाने पर प्रयोग करने जा रहे हैं। मुझे सफलता प्राप्त होने की कोई बहुत आशा नहीं है। मेरा तो केवल एक ही निवेदन है कि रेल मंत्री एक बार पुनः इन सारी बातों पर खुले दिल से विचार करें। मुझे विश्वास है कि ऐसा करने से वह उचित निर्णय पर पहुंच जायेंगे।

श्री एल० बी० शास्त्री: श्रीमान् मुझे अफसोस है कि हिन्दी बोलने पर जब कि मैं ने यह कहा कि मैं अंग्रेजी में भी उन बातों

[श्री एल० बी शास्त्री]

का जवाब दूंगा जो कि विरोधी दल के मेम्बरों ने कही हैं, उस के बाद भी इतना विरोध होना मुझे उचित और मुनासिब नहीं मालूम होता क्योंकि हिन्दी अपनी राष्ट्रभाषा है। अगर कुछ भाई हिन्दी नहीं जानते तो उन्हे हिन्दी सुनने को तो तैयार रहना चाहिये क्योंकि कम से कम सुन कर भी वह कुछ हिन्दी सीख सकते हैं। अगर माननीय सदस्यों ने हिन्दी नहीं पढ़ी है तो कम से कम सुनने से भी कुछ सीख सकेंगे अगर हम ऐसे ही चलते रहे और १५ साल के अन्दर कोई तरक्की नहीं होगी, कोई उन्नति नहीं होगी तो यह हमारा केवल नाम के लिये कहना है कि हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है और १५ साल बाद हिन्दी को हम अपनी पूर्ण रूप से राष्ट्र भाषा बनायेंगे। मैं जानता हूं कि शायद दस या बारह सदस्यों को छोड़ कर जो उस तरफ बैठे हैं अधिकतर सदस्य चाहे वे बंगाल के हों या और प्रान्तों के हों हिन्दी समझते हैं। और हमारे माननीय सदस्य डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बारे में तो मेरा पूरा अन्दाजा है कि उन की हिन्दी की अच्छी और पूरी जानकारी है।

मैं इस समय इस हाउस के सामने जो रेलवे बजट पर बहस हुई है उस के लिये माननीय सदस्यों को बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने जो रचनात्मक बातें कहीं, जो टीका टिप्पनी की, जो ऐतराज़ात किये उन ऐतराज़ात से, उन समालोचनाओं से मेरा फायदा हुआ क्योंकि मैं भी इस विभाग के लिये एक नया आदमी हूं और इसलिये जो बातें बतलाई गई उन से मुझे एक नयी जानकारी हुई। मैं अगर उन तमाम बातों में इस समय जाऊं जो कि माननीय सदस्यों ने पेश की हैं तो इस हाउस का बहुत ज्यादा वक्त लगेगा और मैं नहीं चाहता कि मैं हर एक बात का जबाव आप के सामने पेश करू क्योंकि उन में बहुत सी एसी बातें हैं जिन पर अगर आप मुझ से इस भवन के बाहर बातचीत करना चाहें तो मैं बातचीत कर के उन बातों को सुलझा सकता हूं या सुलझाने की कोशिश कर सकता हूं। इस लिये मैं उन तमाम ब्यौरों में और उन तफ़सीलों में नहीं जाऊंगा जो कि अलग अलग सदस्यों ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिये या अपनी स्टेट और प्रान्त के लिये कही हैं। लेकिन मैं इस बात का विश्वास दिलाना चाहता हूं कि जो बातें आप की तरफ़ से कही गई हैं उन को हमारे दफ्तर के लोगों ने पूरी तरह से नोट कर लिया है और इन तमाम बातों को हम बड़े ग़ौर के साथ देखेंगे और जितनी बात उस में से हमारे लिये पूरा करना मुमकिन है हम पूरा करने की कोशिश करेंगे।

कुछ बातें खास तौर पर कही गई और जिस ओर विरोधी दल की तरफ से ध्यान दिलाया गया उन में एक यह है कि यह बजट गरीब आदमियों के लिये कुछ नहीं कहता। थर्ड क्लास के मुसाफ़िरों के लिये कोई खास बात नहीं कहता, तीसरे दर्जे में जो दिक़्क़तें और तकलीफ़ें हैं उन के बारे में इस में कोई खास ज़िक्र नहीं है और ज़रूरत इस बात की है कि बजाय इस के कि रेलवे बोर्ड ज्यादा आमदनी करे वह इस बात की कोशिश करे कि तीसरे दर्जे और निचले दर्जे के जो मुसाफ़िर और डब्बे हैं उन को फायदा पहुंचाने का इन्तजाम किया जाय। मैं इस हाउस से यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो भावनायें आप की तीसरे दरजे के मुसाफिरों के बारे में हैं या लोअर क्लास के कम्पार्टमेन्ट के बारे में हैं वही भावनायें मेरे दिल में भी हैं और मैं जानता हूं कि तीसरे दरजे के मुसाफ़िरों को क्या दिक़्क़ते हैं, क्या कठिनाइयां हैं। मैं तो आप से यह कहने को तैयार हूं कि तीसरे दरजे में सफ़र करने

वालों को जब देखने का मौका मिलता है या उस में बैठने और चलने का मौका मिलता है तो मेरे दिल में यह बात आती है कि यह इन्सानों का या आदमियों का सफर नहीं है बल्कि इस तरह लोग उन गाड़ियों में सफर करते हैं कि उस में इन्सान के दरजे के नीचे की बात आ जाती है। जितनी भीड़ थर्ड क्लास में होती है और जिस बुरी तरह से मुसाफ़िरों को उस में बैठना पड़ता है, जैसे किसी एक माननीय सदस्य ने कहा था कि एक किनारे से दूसरे किनारे तक पहुंचना भी मुमकिन नहीं होता। यह सब बातें ठीक हैं। और यह सब बातें ऐसी हैं जिन की वजह से हम तीसरे दरजे में जो इन्तज़ाम करना भी चाहें तो वह नहीं कर पाते हैं। मिसाल के लिये अगर हम इस बात का इन्तज़ाम करना चाहें कि जहां जहां स्टेशनों पर गाड़ी रुके वहां जल्दी जल्दी तीसरे दरजे में सफ़ाई हो और डब्बे में झाड़ू लगाने का इन्तज़ाम किया जाय, शौचालयों बगैरह को धोया जाय जिस से कि कुछ सफाई हो और थर्ड क्लास वालों को सहूलियत पहुंच सके परन्तु भीड़ की हालत ऐसी होती है जिस से यह मुमकिन नहीं कि स्टेशनों पर इस तरह का इन्तजाम किया जाय। इस की वजह यही है कि न कहीं अन्दर जाने को गुंजाइश रहती है और न सफाई करने वाले को सफाई करने की गुंजाइश रहती है। इसलिये यह कठिनाई जो ज़्यादा भीड़ की है यह सब से बड़ी कठनाई है। मैं भी पहले यह समझता था कि इस को हल करना बहुत आसान है। मेरा ख्याल यह था कि कई और डब्बे हर गाड़ी में लगा दिये जायें, थर्ड क्लास और इंटर क्लास के डब्बे और लगा दिये जायें। मैं यह भी सोचता था कि एक जिले से दूसरे जिले के दरम्यान शटल चला दी जायें ताकि नज़दीक जाने वाले मुसाफ़िर इन गाड़ियों में शटल में चले जाया करें और जो ऐक्सप्रेस और मेल ट्रेनें हैं उन में नजदीक के मुसाफ़िर न बैठें। लेकिन जो इन पिछले थोड़े दिनों में मैं ने जानकारी हासिल की है उस से मुझे यह मालूम होता है कि यह भी शायद मुमकिन नहीं है कि हर रेलवे ट्रेन में हम एक नया थर्ड क्लास का या इंटर क्लास का डिब्बा लगा सकें और न यही मुमकिन है कि जो शटल ट्रेनें हम एक जिलें से दूसरे जिले तक के लिये चलाना चाहते हैं उन्हें चला सकें।

बाबू रामनारायण सिंह (हज़ारीबाग-पश्चिम): क्यों मुमकिन नहीं है?

श्री एल० बी० शास्त्री: क्योंकि गाड़ियां नहीं हैं, डब्बे नहीं हैं, कोचेज़ की बेहद कमी है और इस वक्त हालत तो यहां तक आ चुकी है कि अगर कुछ डब्बों को हम अलग ला कर उन में पंखे लगाना चाहें, उन की सीटों को बदलना चाहें तो दिक्कत यह पड़ जाती है कि डब्बों की कमी की वजह से ट्रेनों में ओवरक्राउडिंग (भीड़) और ज़्यादा बढ़ जाती है। ट्रेनों में उन डब्बों की कमी पड़ जाती है। यह हालत आज कोचेज़ और डब्बों की है। इस के मानी यह नहीं कि हम लगातार इस बात की कोशिश नहीं कर रहे हैं कि हम नयी कोचेज़ मंगवायें, नई गाड़ियां अपने देश में खुद बनायें। इन सब बातों का पूरा प्रयत्न हो रहा है और काफ़ी तेज़ी भी इस में की गई है लेकिन इन सब बातों में समय लगता है। बगैर वक्त के अपनी ताक़त और शक्ति के बाहर जा कर हम कुछ काम कर लेंगे यह बात मुमकिन और सम्भव नहीं है। इस लिये यह जो आज ओवरक्राउडिंग का सवाल है वह हमारे लिये काफ़ी दिक्क़त और कठिनाई का सवाल बन गया है। यह सही है कि हमें फिर भी कुछ न कुछ इन बातों का इन्तज़ाम करना होगा। अभी हाल में कुछ डीज़ेल कार्स भाप के इंजन और

[श्री एल० बी० शास्त्री]

और डब्बों को खरीदने का आर्डर यहां से भेजा गया है। यह डीज़ेल कारें शटल ट्रेनों के रूप में काम करेंगी। इन में खर्च भी बहुत कम पड़ता है और साथ ही यह तेज़ भी काफ़ी चलती हैं। यह डीज़ेल कारें जब आ जायेंगी जो जल्दी ही आने वाली हैं, तब मैं आशा करता हूं कि हम शटल ट्रेनों के रूप में उन्हें चलायेंगे और जैसा मैं ने आप से कहा २५–३० या ४० मील के बीच में एक हैडक्वार्टर से दूसरे हैडक्वार्टर तक के लिये जब यह डीज़ल कारें चलने लगेंगी तो उस से तीसरे दर्जे की जो भीड़ है वह बहुत हद तक कम हो जायेगी। हम उस के लिये इन्तज़ाम करने जा रहे हैं और साथ ही मेरा यह भी विचार है कि मैं इस मसले पर फिर एक बार अच्छी तरह पता लगाऊं कि किस हद तक हम नये कोचेज़ और डब्बे दे सकते हैं जिन से एक जिले से दूसरे जिले के बीच शटल ट्रेनें चलाई जा सकें ताकि थर्ड और इंटर क्लास में जो आज ओवर-क्राउडिंग और भीड़ होती है उसे कम किया जाय।

यह भी शिकायत की गई है कि अक्सर रेलवे के बुकिंग क्लर्क बहुत देर में टिकट बांटने के लिये आते हैं जिस से थर्ड क्लास के मुसाफ़िरों को टिकट खरीदने में बहुत दिक़्क़त उठानी पड़ती है और काफ़ी असुविधा का सामना करना होता है और टिकट खरीदने की जल्दी में अक्सर मुसाफ़िरों में आपस में झगड़े भी हो जाया करते हैं और धक्कम धुक्की होती है। बात सही है और मुझे अफ़सोस के साथ यह बात कहनी पड़ती है कि हमारे बुकिंग क्लर्क या जो उन के काम करने वाले हैं वह अपनी ज़िम्मेवारी को बहुत अच्छी तरह से नहीं निभाते, जिस तरह कि उन्हें निभाना चाहिये क्योंकि क़ायदे के मुताबिक़ और हिदायत यह है कि स्टेशन पर गाड़ी आने के दो घंटा पहले बुकिंग आफ़िस खुल जाना चाहिये और मुसाफ़िरों को टिकट बांटना शुरू हो जाना चाहिये। लेकिन अक्सर यह देखने को मिलता है कि दो घंटे के बजाय वह एक घंटा या केवल आध घंटा पहले टिकट बांटना शुरू करते हैं जिस से मुसाफ़िरों को काफ़ी मुश्किल पड़ती है।

लेकिन मैं इस बात के लिये आयन्दा कड़ाई से आदेश देना चाहता हूं और यह हिदायत भेजना चाहता हूं कि जो हुक्म दो घंटे का है उस को पूरी तरह से माना जाय। यह हो सकता है कि छोटे छोटे स्टेशनों पर जहां भीड़ कम होती है वहां के लिये यह जो दो घंटे का वक़्त मुक़र्रर किया गया है उस के बजाय एक घंटे या पौन घंटे का वक़्त वहां के बुकिंग क्लर्क मुक़र्रर कर सकते हैं क्योंकि वहां भीड़ कम होती है और वह अपनी ज़िम्मेदारी पर अपना समय खुद नियत कर सकते हैं लेकिन यह देखना उन का फ़र्ज़ है कि पब्लिक को वक़्त पर बिना कठिनाई के टिकट मिल सकें।

रेलवे के स्कूलों के बारे में यह एतराज़ किया गया कि उन का इन्तज़ाम ठीक नहीं है और रेलवे के स्कूल कम कर दिये गये हैं। वह बढ़ाये नहीं गये और उन पर खर्च कम होता है। साथ ही यह भी कहा गया है अस्पतालों का भी इन्तज़ाम अब कुछ बदल दिया गया है। जहां पहले सब को खाना मुफ्त मिलता था वहां अब उन रेलवे अस्पतालों में पैसा दे कर मरीजों को खाना दिया जाता है। मैं ने जब इस शिकायत के बारे में पता लगाया तो मालूम हुआ कि स्कूलों और अस्पतालों दोनों के बारे में जो ऐतराज़ किया गया है वह गलत साबित होता है क्योंकि आखिर में शिक्षा की जिम्मेदारी, सब को तालीम देने की जिम्मेदारी पूरी गवर्नमेंट आफ इंडिया पर है या स्टेट गवर्नमेंट्स पर है और सारे नागरिकों की पढ़ाई का भार और बोझा उन

के ऊपर है। इसलिये रेलवे डिपार्टमेंट इस मद पर कोई अपना ज़्यादा पैसा खर्च करे, मैं इस को कोई बहुत मुनासिब और माक़ूल चीज़ नहीं समझता क्योंकि यह सिर्फ़ लिटरेसी (साक्षरता) का ही सवाल नहीं, प्राइमरी तालीम का ही नहीं, बल्कि सेकेण्डरी एजुकेशन का भी है। हमारे देश के जो नागरिक हैं, चाहे वह रेलवे में काम करते हों या अन्यत्र काम करते हों उन सब को तालीम देने और शिक्षित करने का भार गवर्नमेंट आफ इण्डिया या स्टेट गवर्नमेंट पर है। इसलिये उस का तो जनरल बजट के अन्दर ही सारा कुछ इन्तज़ाम होना चाहिये मगर मैं आप को यह बतलाना चाहता हूं कि सन् १९४९–५० में जहां हमारा सिर्फ़ २३ लाख रुपया तालीम पर खर्च होता था वहां अब इस वक्त ५४ लाख रुपया स्कूलों पर खर्च हो रहा है और इसलिये हम पर यह एतराज़ करना और यह कहना कि हम ने उस को घटा दिया है ग़लत है। दूसरी बात मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमारे जितने स्कूल हैं उन को हम अच्छी हालत में रखना चाहते हैं, उन को जितनी हम तरक्की दे सकेंगें और जितनी उन की उन्नति कर सकेंगे वह हम करेंगे। क्योंकि हम किसी भी हालत में जिस संस्था को जिस इंस्टीट्यूशन को चला रहे हैं उस को खराब और हीन हालत में चलाना पसन्द नहीं करेंगे। उस को हम अच्छी से अच्छी हालत में रखना चाहते हैं और अच्छी तरह चलाना चाहते हैं।

अस्पताल के बारे मे जो यह शिकायत की गई कि वहां पर मरीज़ों को मुफ्त खाना देना बन्द कर दिया गया है वह भी बिल्कुल गलत साबित हुई और उस के बिलकुल उल्टी बात है। पहले कायदा यह था कि जिन लोगों को तीस रुपया तनख्वाह मिलती थी उन को अस्पताल की तरफ से मुफ्त खाना दिया जाता था। अब उस को बढ़ा कर यह कर दिया गया है कि जिन लोगों की तनख्वाह साठ रुपये तक है, उन को भी इस बात का मौक़ा दिया गया है कि वह भी अस्पताल से मुफ्त खाना प्राप्त कर सकें। इसलिये जैसा कि विरोधी दल के एक माननीय सदस्य ने कहा कि खाना बन्द कर दिया गया और उस के दाम देने पड़ते हैं, बात उस के बिल्कुल विपरीत है और बजाय इस के कि अब तक जो तीस रुपये वालों को खाना अस्पताल से मुफ्त दिया जाता था वहां अब साठ रुपये तक पाने वालों को खाना अस्पताल से मुफ्त दिया जाता है। एक बात यह भी कही गयी कि डाक, मालगाड़ी और एक्सप्रेस गाड़ियों की रफ्तार बढ़ायी जाय, यह बहुत धीमी चलती हैं और इस की वजह से सफ़र करने वालों को काफ़ी असुविधा होती है। बात बिल्कुल ठीक है। इसी हाउस के एक माननीय सदस्य कुछ दिन पहले भी चार पांच रोज़ हुए मुझ से कहते थे कि दिल्ली से कलकत्ता जो मेल जाता है, वह क़रीब २६ घंटे में पहुंचता है, और यह इतना लम्बा समय है कि इसे कम करना चाहिये।

मैं ने सुना है कि इस विषय पर रेलवे डिपार्टमेंट में काफ़ी विचार होता रहा है और अब तक इस पर कोई ख़ास फ़ैसला नहीं हो पाया है। बीच में रेलवे (रेलपथ) भी काफ़ी कमज़ोर हो गया था जिन के कारण भी स्पीड का बढ़ाया जाना एक सही बात नहीं समझी जाती थी, और कुछ गाड़ियों की स्पीड कम भी कर दी गई थी। लेकिन साथ ही बराबर रेलवे लाइनों को ठीक करने की और मज़बूत बनाने की कोशिश की गई और हम इस बात का आदेश देने जा रहे हैं कि जो मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें अब तक क़रीब ३५ मील की औसत स्पीड पर चलती थीं, अब उन की औसत स्पीड कम से कम

[श्री एल० बी० शास्त्री]

४० मील फ़ी घंटा हो। और अगर ४० मील फ़ी घंटा की स्पीड से भी हम चलें तो यह तो सही है कि कोई बहुत बड़ा फ़र्क़ नहीं पड़ेगा। लेकिन फिर भी इस गाड़ी से दिल्ली से कलकत्ता के लिये आठ बजे सवेरे चल कर हम दूसरे दिन क़रीब दस बजे वहां पहुंचते हैं। उसी गाड़ी से चालीस मील की स्पीड से चलने पर यह सम्भव होगा कि हम क़रीब छः साढ़े छः बजे सवेरे पहुंच जायेंगे। लेकिन मेल और एक्सप्रेस गाड़ियों की स्पीड को और भी बढ़ाया जा सकता है। यह मैं मानता हूं कि ज़्यादा से ज्यादा स्पीड साठ मील की है, लेकिन फिर भी हम साठ मील तो कर ही नहीं सकते। किसी न किसी औसत पर आना पड़ेगा। स्पीड को बढ़ाने का दूसरा उपाय हाल्ट्स अर्थात् जो बीच के रुकने के स्टेशन हों, उन को कम करना है। लेकिन उन को भी तभी कम किया जा सकता है कि जब हम नई गाड़ियां चलायें और पैसेन्जर ट्रेनें बढ़ायें। पैसन्जर ट्रेनों के जरिये हाल्ट्स को कम करने की कमी पूरी की जा सकती है। मेल और एक्सप्रेस को कम स्टेशनों पर रोक कर २६ घंटों के सफ़र को २० घंटे, १८ घंटे या १६ घंटे तक कर सकते हैं। लेकिन वह तभी मुमकिन है जब हमारे पास कोचेज़ काफ़ी हो जायें और उन कोचेज़ से मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें बढ़ा सकें।

कुछ बातें और सदस्यों ने कही थीं और उन में खास तौर पर आसाम के एक माननीय सदस्य ने स बात पर ज़ोर दिया था कि आसाम के रहने वालों के साथ बहुत न्याय नहीं किया गया है—खास तौर पर रिक्रूटमेंट (भरती) के बारे में। यानी आसाम के लोग रेलवे के अन्दर बहुत कम भरती हुए हैं। इसका कारण क्या है, इस में तो मैं नहीं जा सकता, लेकिन यह मैं उनकी सूचना के लिये बतलाना चाहता हूं कि हम ने यह फ़ैसला किया है कि आइन्दा तीसरी और चौथी श्रेणियों में जो नियुक्तियां होंगी उन में यह नियम होगा कि एक कमीशन आसाम में जा कर बैठेगा और आसाम के अफ़सर और और लोग भी उस कमीशन के अन्दर रहेंगे। इस से जो असुविधा अब तक आसाम के रहने वाले महसूस करते थे वह उन्हें नहीं रहेगी। दूसरी बात यह भी होगी कि जहां तक चौथे दरजे के कर्मचारी हैं उन की भरती तो ज्यादातर स्थानीय अफ़सर करते हैं और इसलिये मैं नहीं समझता कि उन के बारे में कोई खास अड़चन आसाम के रहने वालों को होगी क्योंकि वह तो इस में लिये ही जायेंगे। दूसरे और कौन बाहर से आ कर उस में भर्ती हो सकते हैं ?

कुछ उड़ीसा के बारे में भी कहा गया। लेकिन जैसे मैं घड़ी की ओर देखता हूं मुझे यह मालूम होता है कि मुझे उन तमाम बातों में नहीं जाना चाहिये। इसलिये मैं उड़ीसा के लिये केवल यह कहना चाहूंगा कि जो उन्होंने अपनी मुख्तलिफ़ दिक़्क़तें बतलाई हैं उन को मैं खास तौर से देखना चाहता हूं क्योंकि जो हमारे पिछड़े हुए प्रान्त हैं उन को हम जितनी सहूलियत पहुंचा सकें पहुंचाना हमारा फर्ज है। और मैं समझता हूं कि गवर्नमेंट उन पर पूरा ध्यान देगी।

श्री श्यामा प्रसाद जी ने बंगाल में एक पुल बनाने की बात कही, फ़र्रुखा में पुल बनाये जाने की बात। मैं ने सवाल पूछे जाने के समय इस बात को साफ़ भी किया था कि अभी इस समय पर विचार हो रहा है कि पुल फ़र्रुखा में बने या मुकामा घाट में बने या बिहार में पटना के पास बने। यह सवाल एक कमेटी के सुपुर्द है। वह कमेटी अपना फ़ैसला जल्द करने वाली है और हम यह आशा करते हैं कि महीने भर के अन्दर ही इसका फ़ैसला हो जायेगा। उस फ़ैसले

के आने के बाद ही हम यह तय कर पायेंगे कि यह पुल कहां बनाना चाहिये। इस में कोई सन्देह नहीं है कि ट्रैफ़िक के लिहाज से इस पुल का बनाना बहुत ही आवश्यक हो गया है। हर तरह के ट्रैफ़िक को, चाहे वह गुड्स (माल) का हो या और चीजों का हो हम काफ़ी प्रायोरिटी (प्राथमिकता) देना चाहते हैं और इसे तेज़ी से आगे बढ़ाना चाहते हैं। जगह यानी कहां बने इस का फ़ैसला उस कमेटी की राय पर होगा और अगर कमेटी की राय यह हुई कि दो जगह बनना चाहिये तो फिर हमें इस पर विचार करना होगा, लेकिन अगर राय यह हुई कि एक जगह पर बना कर काम चल सकता है तो दोनों में से कौन सी जगह चुननी चाहिये इस का फ़ैसला रिपोर्ट आने के बाद हम कर सकेंगे।

जहां तक मैसूर में एक छामराजनगर सत्यमंगलम रेलवे लाइन बनाने की बात है उस का काम सन् १९५४ में आरम्भ किया जायेगा और हम उस काम को भी तेज़ी से आगे बढ़ायेंगे।

जो कुछ ख़ास बातें जनरल उसूल की कही गई हैं उन के बारे में कुछ बातें अंगरेजी में कहूंगा और इसलिये चूंकि वह सवाल ज़्यादातर उधर (विरोधी बेंचों) से उठाये गये थे इसलिये मुनासिब यह होगा कि मैं उन के बारे में इस समय हिन्दी में कुछ न कहूं।

एक बात थोड़ी सी मैं रिग्रुपिंग (पुनवर्गीकरण) के बारे में कह देना चाहता हूं। अभी आप ने रिग्रुपिंग के बारे में हमारे माननीय मंत्री श्री गोपालस्वामी अंय्यगार जी को सुना और वह उस विषय के सब से अच्छे जानकार हैं। यह सारा काम उनका ही किया हुआ है। एक काफ़ी बड़ा काम था जिस को उन्होंने उठाया। तीस साल से इस स्कीम की चर्चा थी और रेलवे के एकीकरण का सवाल था। हिन्दुस्तान के आज़ाद होने के बाद यह मुनासिब ही था कि रेलवे के युनिफ़िकेशन (एकीकरण) की बात पूरी की जाये, उसे एक किया जाय। और इस में सन्देह नहीं कि श्री गोपालस्वामी जी को इस बात का सदा श्रेय रहेगा। उन की हमेशा इस बात में चर्चा की जायेगी कि इस बड़े सवाल को उन्होंने हिम्मत से उठाया और उस की पूरी स्कीम तैयार की और उस को जारी किया। इस समय और प्रान्तों की तरफ़ से कोई ख़ास विरोध इस का नहीं हुआ है। कुछ थोड़े से विरोधी दल के सदस्यों ने जो कुछ कहा मैं उस को गम्भीरतापूर्वक लेने के लिये भी तैयार नहीं हूं क्योंकि कोई आवाज़ और किसी प्रान्त की तरफ़ से, किसी सूबे की तरफ़ से इस ग्रुपिंग के लिये नहीं उठी है। लेकिन यह सही है कि पश्चिमी बंगाल से यह आवाज़ उठी, वहां विरोध है, वहां इख़्तलाफ़ है और अब भी वहां के सदस्य एक अलग राय अपनी रख रहे हैं।

श्री **नंद लाल शर्मा** (सीकर): और उत्तर प्रदेश ?

श्री एल० बी० शास्त्री: उत्तर प्रदेश में कोई विरोध नहीं है। जहां तक इस सवाल पर पश्चिमी बंगाल के बारे में कोई राय देने की बात है वह मेरी राय में मेरे लिये बहुत कठिन है। क्योंकि आप जानते हैं कि मैंने ज़िम्मेदारी उस समय सम्भाली है, जिस समय उस की स्कीम बन कर तैयार ही नहीं बल्कि वह स्कीम पूरी तरह से चालू है और जब यह स्कीम पूरी तरह से चालू है तब फ़िर ऐसे वक्त में कोई ख़ास तबदीली करना, गवर्नमेंट के काम में काफ़ी बाधा और रुकावट डालने वाली होती है। इसलिये मेरे लिये आज की स्थिति में कोई अपनी राय ज़ाहिर करना बहुत ही मुश्किल बात है।

[श्री एल० बी० शास्त्री]

में काफ़ी गौर से अपने बंगाल के दोस्तों और साथियों की राय सुनना चाहता हूं, और सुनी भी हैं। मैं ने उन से कहा भी है और अब भी इस पर बात करने के लिये तैयार हूं। लेकिन जैसा श्री गोपालस्वामीजी ने कहा वह ख़ास सवाल हैडक्वार्टर्स का है यानी जो गोरखपुर में आज एक नया हैड-क्वार्टर खुला है, और कलकत्ते में एक दूसरा हैडक्वार्टर खुलने की बात है, उस के बारे में बहुत आसानी से कोई फ़ैसला करना मुमकिन नहीं मालूम होता।

यह कहा जाता है कि गोरखपुर के हैड-क्वार्टर को मत हटाओ कलकत्ता में एक नया हैडक्वार्टर खोल दो। यह बात ठीक इसलिये नहीं लगती कि सारी बातों को विचार करके सेंट्रल ऐडवाइज़री काउंसिल (केन्द्रीय परामर्शदात्री परिषद्) और गवर्नमेंट ने यह फैसला किया था कि ६ ज़ोन से ज्यादा न हों। आज उस फ़ैसले को बदल कर ६ ज़ोन से बढ़ा कर हम सात ज़ोन कर दें और उन पहलुओं की ओर उन बातों को जिन की वजह से यह फ़ैसला किया है छोड़ दें तो यह कोई बहुत अक्ल-मन्दी की बात नहीं होगी। इसलिये जहां तक मैं इस सवाल को समझ पाया हूं कि हैडक्वार्टर को गोरखपुर से कलकत्ता ले जाया जाय, इस का कोई हल निकलना आसान बात नहीं होगी मैं समझता हूं कि यह बिल्कुल कठिन है। लेकिन मेरे दिल में यह बात ज़रूर है कि अगर कोई ऐसी बेसिक बात को, कोई जड़ की बात को, उस को न बदलते हुए हम किसी तरह अपने बंगाल के साथियों को सन्तोष दे सकें तो उस से मैं पीछे हटने वाला नहीं हूं। मगर सवाल यह है कि कौन सी ऐसी बात निकलेगी। इसलिये मैं ने कहा था कि माननीय सदस्य आयें और अगर मुझ से बात करना चाहते हैं तो ज़रूर करें ताकि मुझे जानकारी हो और पता चले कि क्या क्या बातें ऐसी हैं, कौन से ऐसे रचनात्मक सुझाव हैं जो हमें उस ठीक नतीजे पर पहुंचा सकें जो बंगाल के हित में हों और जिसे हमारे बंगाल के साथी बंगाल के हित में समझते हों। जहां तक ट्रैफ़िक वग़ैरह की बात है वह तो एक बड़ा सवाल है इस में कोई शक नहीं। मगर एक दूसरा सवाल है जो हमारे बंगाल के साथियों को परेशान कर रहा है और वह यह है कि जो एक हैडक्वार्टर अब तक था और जिस में कम से कम १५०० आदमी काम करते थे उन का रास्ता बन्द हो गया। आज उन १५०० आदमियों का जिन में से एक हज़ार या १२०० बंगाल के रहने वाले भरती होते थे, आगे के लिये रिक्रूट-मेंट बन्द हो जाता है। इन आदमियों की नौकरी जाती है और एक बेरोज़गारी पैदा होती है। यह ऐसा सवाल है कि जिस का बंगाल के रहने वालों पर क़ुदरती तौर पर असर पड़ता है। इस के लिये मैं यह ज़रूर सोच रहा हूं कि हम वहां नये दफ़्तर खोलें। जो दफ़्तर हमें और कहीं खोलना हो उसे हम कलकत्ता में खोलें। हम ने यह फ़ैसला भी किया है कि एक नया दफ्तर, जिस का कि नाम स्टोर्स परचेज़िंग आर्गेनाइज़ेशन (भण्डार क्रिय विभाग) है, कलकत्ते में हम फौरन ही खोलने जा रहे हैं और उस में लगभग चार साढ़े चार सौ आदमी काम करेंगे जो कि वहां भरती किये जायेंगे या उन को वहां रिक्रूटमेंट का मौक़ा मिलेगा। मेरा विचार यह भी है कि मैं और चीज़ों को देखूं ताकि सात सौ आठ सौ या नौ सौ आदमियों की वहां और भरती होने का इन्तज़ाम हो सके जिस में कि वह १२०० या १५०० आदमी जो वहां काम करते थे उन को काम करने का मौका मिल जाये। तो मैं ऐसे विभाग या दफ़्तर वहा खोलने की कोशिश करूंगा, जैसा कि मैं ने अभी कहा है, जिस से

बंगाल के रहने वालों की जो दिक्कत है उस को दूर कर सकूं।

तो एक ट्रैफ़िक का मामला है जिस को अलग सोचना है यानी स्यालदा लाइन का और लूप लाइन का। मगर उस के साथ ही साथ जो यह दूसरा मसला है उस का महत्व मैं कम नहीं समझता जिस में कि १२०० या १५०० आदमियों के बेरोज़गार होने का सवाल है। उस के लिये मैं जो भी रास्ता निकाल सकता हूं और जो भी सुविधा पहुंचा सकता हूं उसकी कोशिश करूंगा।

आखिर में मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि जो नया बोझ मुझे दिया गया है उस बोझ को खुद मैं भी बहुत अच्छी तरह से महसूस करता हूं। यह काफ़ी बड़ा काम है और इस काम को सारे देश के हित में करना यह मेरी ज़िम्मेदारी है। और मैं यह भी जानता हूं कि कांग्रेस गवर्नमेंट होने के नाते हमारा फर्ज़ है कि हमारा ध्यान सब से पहले उस तरफ़ जाये जहां हालत सब से खराब है और जहां लोग दबे हुए हैं, या कमज़ोर हैं या रेलवे में जिन को दूसरी तरह की असुविधायें हैं या दिक्क़तें हैं। मैं मानता हूं कि पहले दर्जे और दूसरे दर्जे के डब्बों की हालत भी ख़राब है, पंखे ठीक नहीं चलते हैं या उन के शौचालय वग़ैरह ठीक नहीं हैं, सीटें भी फटी हुई हैं, गद्दे ठीक नहीं हैं। मैं यह भी मानता हूं कि वह रेल का किराया देते हैं और उन को उन सब बातों के आराम का हक़ भी है। मगर मुझे निजी तौर पर यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि अगर कुछ दिनों के लिये फ़र्स्ट या सैकिंड क्लास के मुसाफ़िरों को यह दिक्क़तें उठानी पड़ें तो उन्हें उन को उठाने के लिये तैयार रहना चाहिये अगर इस वजह से हम थर्ड क्लास और इन्टर क्लास के मुसाफ़िरों को सुविधा और सहूलियत पहुंचा सकें। जिन लोगों ने जिन्दगी भर मुसीबतें उठाई हैं अगर उन को सुविधा पहुंचाने के लिये फ़र्स्ट और सैकिंड क्लास के मुसाफ़िरों को कोई दिक्क़त उठानी पड़े तो मैं समझता हूं कि उस को उठाने में उन को घबराना नहीं चाहिये और मुझे भी उस क़दम को उठाने में कोई घबराहट नहीं होनी चाहिये।

यह कहा गया है कि तीन करोड़ रुपये रख दिये गये हैं महज़ डेवेलपमेंट (विकास) के लिये। यह ठीक है कि तीन करोड़ रुपये रखे गये हैं। रेलवे कन्वेन्शन कमेटी ने, जो कि बिठाई गई थी और जिस ने पांच साल का प्रोग्राम बनाया है, तय किया है कि तीन करोड़ रुपया हर साल लगाया जाये। मुझे यह जान कर ताज्जुब हुआ। लेकिन मजबूरी भी मालूम होती है कि पहले साल तो तीन करोड़ रुपया भी ख़र्च नहीं हो सकता। ऐसी हालत में रुपये को ज्यादा बढ़ाने का सवाल नहीं है। अपने काम करने की शक्ति को बढ़ाने का सवाल है। मैं जानता हूं कि अगर यह तीन करोड़ रुपया काम के लिहाज़ से कम पड़ता है तो इस बजट में इस को आसानी से बढ़ाने की गुंजाइश है, लेकिन मैं फ़िर भी आप को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि मैं इस तीन करोड़ को चार करोड़ करने की कोशिश करूंगा अगर हमारी शक्ति है इतना काम करने की। हम उस रुपये को सुधार के लिये ख़र्च कर सकते हैं। लेकिन अगर हम ऐसा नहीं कर सकते तो रुपया बढ़ाने का कोई सवाल नहीं है।

मुझे आशा है कि मुझे इस भवन का पूरा सहयोग मिलेगा, पूरी मदद मिलेगी। रेलवे कर्मचारियों के लिये भी मेरे दिल में एक इरादा है और उन के लिये मेरे दिल में हमदर्दी और सहानुभूति है क्योंकि मैं भी उन्हीं के बीच का एक आदमी हूं। मैं किसी

[श्री एल० बी० शास्त्री]

दूसरी श्रेणी का आदमी नहीं हूं । इसलिये मैं उन के कष्टों को अच्छी तरह से महसूस कर सकता हूं और उन के लिये अपने वेज़ और मीन्स (साधन तथा कार्य) के अन्दर और अपने फ़ाइनेन्सेस के अन्दर जो भी कर सकता हूं करूंगा और अगर आवश्यकता होगी तो दस कदम आगे जाने की कोशिश करूंगा। तो मैं उन की तरफ़ भी यह भावना रखता हूं साथ ही जो लोअर क्लास पैसेंजर हैं उन की तरफ़ भी मैं एक ख़ास जज़्बा रखता हूं। इस से मेरा मतलब यह नहीं है कि मेरा ध्यान और बातों की तरफ़ नहीं जायेगा। इस का यह मतलब नहीं है कि ट्रेड और इंडस्ट्री (व्यापार तथा उद्योग) को फ़ेयर डील नहीं मिलेगा, यह सब बातें नहीं हैं। वे भी उस के साथ हैं। लेकिन सब बातों को बैलेंस (सन्तुलित) करना पड़ता है, तराजू पर तोलना पड़ता है कि कौन सा काम आगे होना चाहिये, कौन सा काम पहले होना चाहिये, किस काम का महत्व ज़्यादा है और किस काम का महत्व कम है। इसलिये इन बातों को देख कर हम को एक क़दम उठाना चाहिये और मैं समझता हूं कि जिधर मैं ने इशारा किया है उस तरफ सारे भवन की यह राय है कि इसी भावना से काम करना चाहिये। मुझे भरोसा है कि इसमें हमें आप की सहायता मिलेगी और हम जिस तरफ़ जा रहे हैं अपने उस इरादे में कामयाबी से आगे जा सकें।

इसके पश्चात् सदन की बैठक ३० मई, १९५२ के सवा आठ बजे तक के लिए स्थगित हो गई।